

।। ॐ श्रीपरमात्मने नमः।।

अनुभव-वाणी

Anubhav-Vaani

Nectarine Words of Experience

परमश्रद्धेय

स्वामीजी श्रीरामसुखदासजी महाराजके

अनमोल वचन

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अनुभव-वाणी

(परमश्रद्धेय स्वामीजी श्रीरामसुखदासजी
महाराजके अनमोल वचन)

त्वमेव माता च पिता त्वमेव
त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव
त्वमेव सर्वं मम देवदेव॥

संकलन-सम्पादन—
राजेन्द्र कुमार धवन

II Om Shri Paramatamney Namah II

Anubhav-Vaani

Nectarine Words of Experience

(*Param-Shradheyey Swamiji Ramsukhdasji's Nectarine Words*)

Selected-Compiled by

Rajendra Kumar Dhawan

Translated from original Hindi by

Satinder Dhiman Ph.D, Ed.D

A Note to the ReaderThe special quality of the original is hard to capture in a translation. Usually, in translation, several ideas of the author do not get expressed fully. Therefore, the discerning readers are earnestly requested, if they have the knowledge of the Hindi language, to read the original book entitled Anubhav-Vanni in Hindi.

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अनुभव-वाणी

Nectarine Words of Experience

१. संसार हमें वह वस्तु दे ही नहीं सकता, जो हम वास्तवमें चाहते हैं। हम सुख चाहते हैं, अमरता चाहते हैं, निश्चिन्तता चाहते हैं, निर्भयता चाहते हैं, स्वाधीनता चाहते हैं। परन्तु यह सब हमें संसारसे नहीं मिलेगा, प्रत्युत संसारके सम्बन्ध-विच्छेदसे मिलेगा।

1. The world cannot give us what we really want. We want ever-lasting happiness, immortality, worrilessness, fearlessness, and independence. However, we will not get all this from the world; we will receive these by severing our relationship with the world.

२. शरीरके साथ हमारा मिलन कभी हुआ ही नहीं, है ही नहीं, होगा ही नहीं, हो सकता ही नहीं और परमात्मासे अलग हम कभी हुए ही नहीं, हैं ही नहीं, होंगे ही नहीं, हो सकते ही नहीं। हमारेसे दूर-से-दूर कोई चीज है तो वह शरीर है और नजदीक-से-नजदीक कोई चीज है तो वह परमात्मा है। परन्तु कामना-ममता-तादात्म्यके कारण मनुष्यको उलटा दीखता है अर्थात् शरीर तो नजदीक दीखता है और परमात्मा दूर! शरीर तो प्राप्त दीखता है और परमात्मा अप्राप्त!

2. We have never been one with the body, nor we are one with the body, nor we will ever be one with the body, nor can we ever be one with the body. And we have never been separate from God, never are, never will be, and can never be separate (from God). If there is anything that is farthest most from us, it is the body; if there is anything that is closest most to us, that is God. But man perceives it all upside down (in the reverse manner) due to desire, attachment, and identification (with the body); that is, the body seems near and God seems far away. The body seems attained and God seems unattained.

३. शरीरके साथ सम्बन्ध रखनेसे ही मृत्यु होती है। जन्मना और मरना हमारा धर्म नहीं है, प्रत्युत शरीरका धर्म है। हमारी आयु अनादि और अनन्त है, जिसके अन्तर्गत अनेक शरीर उत्पन्न होते और मरते रहते हैं।

3. We experience death by retaining our identification with the body. It is not our (real) nature (*dharam*) to be born and to die; rather, it is the nature (*dharm*) of the body. Our life span is beginningless and endless (*anaadi* and *ananntt*) within which many body forms keep on originating and dying.

४. शरीरके न रहनेपर हमारा कुछ भी बिगड़ता नहीं। अबतक हम असंख्य शरीर धारण करके छोड़ चुके हैं, पर उससे हमारी सत्तामें क्या फर्क पड़ा? हमारा क्या नुकसान हुआ? हम तो

ज्यों-के-त्यों ही रहे। ऐसे ही यह शरीर छूटनेपर भी हम स्वयं ज्यों-के-त्यों ही रहेंगे।

4. We lose nothing by losing our body. We have assumed and given up countless bodies so far; what difference did that make to our essential reality? What loss did we suffer? We remained just the same. Similarly, our essential reality will remain just the same when this body is abandoned.

५. वास्तवमें शरीरीको शरीरकी जरूरत ही नहीं है। शरीरके बिना भी शरीरी मौजसे रहता है।

5. The soul (*shariri*) does not really need the body (*sharir*); the soul abides in great peace without the body.

६. अपनेमें अपने सिवाय दूसरेकी सत्ता है ही नहीं।

6. In our essential reality, there is no being (*satta*) of the"other" except our own Self.

७. जबतक साधकका शरीरके साथ मैं-मेरेपनका सम्बन्ध रहता है, तबतक साधन करते हुए भी सिद्धि नहीं होती और वह शुभ कर्मोंसे, सार्थक चिन्तनसे और स्थितिकी आसक्तिसे बँधा रहता है। वह यज्ञ, तप, दान आदि बड़े-बड़े शुभ कर्म करे, आत्माका अथवा परमात्माका चिन्तन करे अथवा समाधिमें भी स्थित हो जाय तो भी उसका बन्धन सर्वथा मिटता नहीं।

7. As long as the spiritual aspirant keeps "I-mine" type relationship with the body, till then, despite being engaged in spiritual practices, he does not attain perfection (*siddhi*) and remains caught up in auspicious actions, pious contemplation, and attachment with the spiritual state (s). He may undertake great spiritual sacrifices, austerities, charities, auspicious actions, contemplation of soul and God or may get established in deep meditative absorption (*Samadhi*); even then,his bondage will not end utterly.

८. जबतक 'मैं देह हूँ'—यह भाव रहेगा, तबतक कितना ही उपदेश सुनते रहें, सुनाते रहें और साधन भी करते रहें, कल्याण नहीं होगा।

8. As long as the feeling "I-am-the-body" remains, till then no matter how much spiritual teachings you may hear or preach; and no matter how many spiritual practices you may keep doing, you will not attain your spiritual welfare.

९. शरीरको अपना और अपने लिये मानना विवेकविरोधी है। विवेकविरोधी सम्बन्धके रहते हुए कोई भी साधन सिद्ध नहीं हो सकता। शरीरके साथ सम्बन्ध रखते हुए कोई कितना ही तप कर ले, समाधि लगा ले, लोक-लोकान्तरमें घूम आये, तो भी उसके मोहका नाश तथा सत्य तत्त्वकी प्राप्ति नहीं हो सकती।

9. It is contrary to logic to consider the body as yours and for yourself. While this illogical relation remains, no spiritual practice can fructify into perfection. No matter how many spiritual austerities one may engage in, how much *Samadhi*-states one may abide in— and even if one may journey through worlds and nether-worlds—

even then one's delusion will not be dispelled and one will not attain the Truth of Reality (*satya-tattva*).

१०. स्वरूपसे अमर होते हुए भी जब मनुष्य अपने विवेकका तिरस्कार करके मरणधर्मा शरीरके साथ तादात्म्य मान लेता है अर्थात् 'मैं शरीर हूँ' ऐसा मान लेता है, तब उसमें मृत्युका भय और अमरताकी इच्छा पैदा हो जाती है। जब वह अपने विवेकको महत्त्व देता है कि 'मैं शरीर नहीं हूँ; शरीर तो निरन्तर मृत्युमें रहता है और मैं स्वयं निरन्तर अमरतामें रहता हूँ', तब उसको अपनी स्वत:सिद्ध अमरताका अनुभव हो जाता है।

10. Even being Immortal in one's essential nature (*swaroop*) when one, disregarding the faculty of discrimination (*vivek*[1]), accepts identification with the body whose very nature is to pass away—that is, when one accepts that "I am the body"—then one feels the fear of death and there arises in oneself the desire for immortality. But when one gives importance to one's *vivek* that "I am not the body" –the body always exists in death while I, the Self, always abide in immortality—then one experiences one's self-validated Immortality.

११. जीव एक रहता है, तभी तो वह अनेक योनियोंमें, अनेक लोकोंमें जाता है। जो अनेक योनियोंमें जाता है, वह स्वयं किसीके साथ लिप्त नहीं होता, कहीं नहीं फँसता। अगर वह लिप्त हो जाय, फँस जाय तो फिर चौरासी लाख योनियोंको कौन भोगेगा? स्वर्ग और नरकमें कौन जायगा? मुक्त कौन होगा?

11. The *jiva* remains one only; that is why it goes through myriad life forms, and myriad worlds. The "self" that goes through myriad life forms, that self does not get attached to any of those forms and does not get stuck in any of those forms. For if the self were to get attached to or stuck in any of the life-forms, then who will go through 84 lac life-forms? Who will go to heaven and hell? Who will get liberated?

१२. शास्त्रोंमें प्राय: ऐसी बात आती है कि संसारकी निवृत्ति करनेसे ही मनुष्य पारमार्थिक मार्गपर चल सकता है और उसका कल्याण हो सकता है। मनुष्योंमें भी प्राय: ऐसी ही धारणा बैठी हुई है कि घर, कुटुम्ब आदिको छोड़कर साधु-संन्यासी होनेसे ही कल्याण होता है। परन्तु गीता कहती है कि कोई भी परिस्थिति, अवस्था, घटना, देश, काल आदि क्यों न हो, उसीके सदुपयोगसे मनुष्यका कल्याण हो सकता है।

12. This is usually stated in the scriptures that only when one renounces the world can one follow the spiritual path and attain spiritual welfare. This conviction is usually settled within the minds of human beings that only by giving up one's home, family etc., and by becoming a renunciate,one attains one's welfare. But the Gita says that no matter what the situation, condition, circumstance, place, time etc. might be, one can, by making proper use of the circumstances, attain one's welfare.

१३. प्राय: सभी साधकोंके अनुभवकी बात है कि कल्याणकी उत्कट अभिलाषा जाग्रत् होते ही कर्म, पदार्थ और व्यक्ति (परिवार)-से उनकी अरुचि होने लगती है। परन्तु वास्तवमें देहके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध होनेसे यह आराम-विश्रामकी इच्छा ही है, जो साधककी उन्नतिमें बाधक है। साधकोंके

मनमें ऐसा भाव रहता है कि कर्म, पदार्थ और व्यक्तिका स्वरूपसे त्याग करनेपर ही हम परमार्थ-मार्गमें आगे बढ़ सकते हैं। परन्तु वास्तवमें इनका स्वरूपसे त्याग न करके इनमें आसक्तिका त्याग करना ही आवश्यक है।

13. It is usually the experience of all spiritual aspirants that with the arising of intense longing for the spiritual welfare, one starts feeling dispassion towards actions, objects, and persons (family). But due to deep association with the body, this dispassion remains as nothing more than mere desire for convenience and comfort that is an impediment in the progress of spiritual aspirant. The spiritual aspirants have this feeling that they can only progress on the spiritual path only by completely abandoning actions, objects, and persons. In reality, what is required is not to give them up completely (*swaroop sey tyaag*) but to give up the attachment to them.

१४. साधकका जब अपना कल्याण करनेका विचार होता है, तब वह कर्मोंको साधनमें विघ्न समझकर उनसे उपराम होना चाहता है। परन्तु वास्तवमें कर्म करना दोषी नहीं है, प्रत्युत कर्मोंमें सकामभाव ही दोषी है।

14. When the spiritual aspirant wants to seek his spiritual welfare, then he wants to take leave of actions since he considers them as an obstacle in the spiritual practice. In reality, the fault does not lie in the performance of actions, but in doing actions with a selfish motive.

१५. गृहस्थ-जीवन ठीक नहीं, साधु हो जायँ, एकान्तमें चले जायँ—ऐसा विचार करके मनुष्य कार्यको तो बदलना चाहता है, पर कारण 'कामना' को नहीं छोड़ता; उसे छोड़नेका विचार ही नहीं करता। यदि वह कामनाको छोड़ दे तो उसके सब काम अपने-आप ठीक हो जायँ।

15. That family life is not appropriate, one should become a renunciate, and live in the solitude—thinking along these lines, man wants to change the actions but does not want to give up the selfish desire which is the cause. He does not even think of giving up the cause. If man gives up the selfish desire, all his functions will become right spontaneously.

१६. केवल निर्जन वन आदिमें जाकर और अकेले पड़े रहकर यह मान लेना कि 'मैं एकान्त स्थानमें हूँ' वास्तवमें भूल ही है; क्योंकि सम्पूर्ण संसारका बीज यह शरीर तो साथमें है ही। जबतक इस शरीरके साथ सम्बन्ध है, तबतक सम्पूर्ण संसारके साथ सम्बन्ध बना हुआ ही है। अत: एकान्त स्थानमें जानेका लाभ तभी है, जब देहाभिमानके नाशका उद्देश्य मुख्य हो।

16. To go to the secluded forests and to lie down there alone and to consider that "I am at a solitary place," is in fact a mistake. It is because the body—the seed of the entire worldliness—is still with the person. As long as one has relationship with the body, until then complete relationship with the world remains intact. Therefore, going to solitary place is beneficial only when one's main goal is toobliterate the pride in the body (*deha'bhimaan*).

१७. वास्तवमें असंगता शरीरसे ही होनी चाहिये। समाजसे असंगता होनेपर अहंभाव दृढ़ होता है अर्थात् मिटता नहीं।

17. In reality, detachment should be with the body itself. Detachment with the world only strengthens one's ego-feeling and does not remove it.

१८. संसारमें अनेक विद्याओंका, अनेक भाषाओंका, अनेक लिपियोंका, अनेक कलाओंका, तीनों लोक और चौदह भुवनोंका जो ज्ञान है, वह वास्तविक ज्ञान नहीं है। कारण कि वह ज्ञान सांसारिक व्यवहारमें काममें आनेवाला होते हुए भी संसारमें फँसानेवाला होनेसे अज्ञान ही है। वास्तविक ज्ञान तो वही है, जिससे स्वयंका शरीरसे सम्बन्ध-विच्छेद हो जाय और फिर संसारमें जन्म न हो, संसारकी परतन्त्रता न हो।

18. In the world, variousbranches of knowledge, various languages, various scripts, various arts, the knowledge of the three worlds and fourteen houses—all this is not real knowledge. The reason is that even though such knowledge is useful in the worldly behavior, it is still ignorance only since it binds one to the world. The real knowledge is only that with the help of which one's identification with the body is severed so that one is not born in the world again; in such knowledge, one has no dependence of the world.

१९. जो शास्त्र पढ़े हुए नहीं हैं, उनको कर्तव्यका ज्ञान कैसे होगा? इसका समाधान है कि अगर उनका अपने कल्याणका उद्देश्य होगा तो अपने कर्तव्यका ज्ञान स्वत: होगा; क्योंकि आवश्यकता आविष्कारकी जननी है। अगर अपने कल्याणका उद्देश्य नहीं होगा तो शास्त्र पढ़नेपर भी कर्तव्यका ज्ञान नहीं होगा, उलटे अज्ञान बढ़ेगा कि हम अधिक जानते हैं!

19. Those who have not read the scriptures, how will they have knowledge of their prescribed duty? The solution to this quandary is this: If they have the objective of their welfare in mind, then they will spontaneously have the knowledge regarding their duty since necessity is the mother of invention. If we do not have the objective of our welfare in mind, then, despite having read the scriptures, we will not obtain the knowledge of our duty; rather, only our ignorance will increase that we now know more.

२०. जो होनेवाला है, वह तो होकर ही रहेगा और जो नहीं होनेवाला है, वह कभी नहीं होगा, चाहे उसकी कामना करें या न करें। जैसे कामना न करनेपर भी प्रतिकूल परिस्थिति आ जाती है, ऐसे ही कामना न करनेपर अनुकूल परिस्थिति भी आयेगी ही।

20. What is meant to happen will happen; and what is not meant to happen, will not happen whether we desire for it or not. For example, the unfavorable situation comes without desiring for it; similarly, the favorable situation will also come without desiring for it.

२१. यदि वस्तु मिलनेवाली है तो इच्छा किये बिना भी मिलेगी और यदि वस्तु नहीं मिलनेवाली है तो इच्छा करनेपर भी नहीं मिलेगी। अत: वस्तुका मिलना या न मिलना इच्छाके अधीन

नहीं है, प्रत्युत किसी विधानके अधीन है। जो वस्तु इच्छाके अधीन नहीं है, उसकी इच्छाको छोड़नेमें क्या कठिनाई है?

21. If an object is destined to be received, it will be received without even desiring for it; if an object is not destined to be received, it will not be received despite desiring for it. Therefore, obtaining or not obtaining an object is not dependent upon our desire; rather, it depends upon a certain Cosmic Law. Where is the difficulty in giving up the desire for an object which is not dependent upon our desire?

२२. वास्तवमें शरीर-निर्वाहकी आवश्यक सामग्री स्वतः प्राप्त होती है; क्योंकि जीवमात्रके शरीर-निर्वाहकी आवश्यक सामग्रीका प्रबन्ध भगवान्की ओरसे पहले ही हुआ रहता है। इच्छा करनेसे तो आवश्यक वस्तुओंकी प्राप्तिमें बाधा ही आती है। अगर मनुष्य किसी वस्तुको अपने लिये अत्यन्त आवश्यक समझकर 'वह वस्तु कैसे मिले? कहाँ मिले? कब मिले?'—ऐसी प्रबल इच्छाको अपने अन्तःकरणमें पकड़े रहता है, तो उसकी उस इच्छाका विस्तार नहीं हो पाता अर्थात् उसकी वह इच्छा दूसरे लोगोंके अन्तःकरणतक नहीं पहुँच पाती। इस कारण दूसरे लोगोंके अन्तःकरणमें उस आवश्यक वस्तुको देनेकी इच्छा या प्रेरणा नहीं होती।

22. As a matter fact, the essential provision for the care of the body is ever-provided for on its own;[1] because the necessary provision for the bodily sustenance of all creatures had been arranged by God all along since the very beginning. In fact, by desiring, we only create greater difficulties in obtaining the essential objects (of life). If a person, considering an object as utmost essential for himself, desires it intensely thinking in terms of "How to get it? Where to get it? When to get it etc."—if one keeps holding on to such an intense desire within his mind, then that desire does not get developed. That is, such a desire is not able to reach the inner (psychic) organ of perception (*antahkaran*) of others. Due to this reason, others do not feel, within their inner organ of perception, the desire or the inspiration to give that essential object.

२३. यदि वस्तुओंकी इच्छा न रहे तो जीवन आनन्दमय हो जाता है और यदि जीनेकी इच्छा न रहे तो मृत्यु भी आनन्दमयी हो जाती है। जीवन तभी कष्टमय होता है, जब वस्तुओंकी इच्छा करते हैं, और मृत्यु तभी कष्टमयी होती है, जब जीनेकी इच्छा करते हैं।

23. If there remains no craving for objects, then life becomes blissful. And if there is no desire to live, then even death becomes blissful. Life is sorrowful only when we crave for objects; and death is painful only when we desire to live.

२४. यदि मनमें कामना है तो वस्तु पासमें हो तो बन्धन और पासमें न हो तो बन्धन! यदि मनमें कामना नहीं है तो वस्तु पासमें हो तो मुक्ति और पासमें न हो तो मुक्ति!

24. If there is craving (for the objects) in the heart, then there is bondage (*bandhan*)when one has the objects and there is bondage when one doesn't have the objects. If there is no craving (for the objects) in the heart, then there is freedom (*mukti*) when one has the objects and there is freedom when one does not have the objects.

२५. त्यागके अन्तर्गत जप, भजन, ध्यान, समाधि आदिके फलका त्याग भी समझना चाहिये। कारण कि जबतक जप, भजन, ध्यान, समाधि अपने लिये की जाती है, तबतक व्यक्तित्व बना रहनेसे बन्धन बना रहता है। अत: अपने लिये किया हुआ ध्यान, समाधि आदि भी बन्धन ही है। इसलिये किसी भी क्रियाके साथ अपने लिये कुछ भी चाह न रखना ही 'त्याग' है। वास्तविक त्यागमें त्याग-वृत्तिसे भी सम्बन्ध-विच्छेद हो जाता है।

25. One should also include renouncing the *fruit* of *jap* (repetition of divine name), *bhajan* (chanting), *dhayan* (concentration), and *samadhi* (meditative absorption) etc. under the meaning of "renunciation." It is because so long as *jap, bhajan, dhayan,* and*samadhi* etc. are undertaken for one's own sake, till then, due to the continuation of individuality, bondage remains. Thus *jap, bhajan, dhayan* etc. undertaken for one's sake is indeed bondage itself. Therefore, not to have any desire associated with any activity is (true) "renunciation." In true renunciation, one even renounces any identification with the sense of renunciation.

२६. अगर पदार्थोंका स्वरूपसे त्याग करनेपर ही मुक्ति होती, तो मरनेवाला हरेक व्यक्ति मुक्त हो जाता; क्योंकि उसने तो अपने शरीरका भी त्याग कर दिया! परन्तु ऐसी बात है नहीं। अन्त:करणमें आसक्तिके रहते हुए शरीरका त्याग करनेपर भी संसारका बन्धन बना रहता है। अत: मनुष्यको सांसारिक आसक्ति ही बाँधनेवाली है, न कि सांसारिक प्राणी-पदार्थोंका स्वरूपसे सम्बन्ध।

26. If spiritual freedom (*mukti*) were attainable by giving up the objects in their entirety, then every dying personwould have become spiritually free, for he had given up even his body. But it is does not work like this. As long as there is attachment residing in our inner organ of perception (*antahkaran*), despite giving up the body, the bondage of the cyclic existence (*sansaar*) remains. Therefore, it is the worldly "attachment" that binds a person and not the "relationship" to worldly people-objects.

२७. केवल धार्मिक क्रियाओंसे जो धार्मिक बनता है, उसके भीतर भोग और ऐश्वर्यकी कामना होनेसे उसको भोग और ऐश्वर्य तो मिल सकते हैं, पर शाश्वती शान्ति नहीं मिल सकती।

27. A person who becomes religious by performing religious activities only—due to his craving for sense gratification (*bhog*)—he may have some gratification from sense-indulgence, but he cannot have spiritual peace supreme (*shaashvati shanti*).

२८. मनुष्य प्रतिकूल घटनाको चाहता नहीं, करता नहीं और उसमें उसका अनुमोदन भी नहीं रहता, फिर भी ऐसी घटना घटती है, तो उस घटनाको उपस्थित करनेमें कोई भी निमित्त क्यों न बने और वह भी भले ही किसीको निमित्त मान ले, पर वास्तवमें उस घटनाको घटानेमें भगवान्‌का ही हाथ है, भगवान्‌की ही मरजी है।

28. Man does not want unfavorable incident (to happen), does not do it, and does not have any interest in it; even then, unfavorable incident happens. Whosoever may be the apparent occasion (*nimit*)for such an incident or one may consider anyone the cause for it; but in reality, God's hand is there in making the incident happen;verily, God's will is there

(to make it happen).

२९. यह सर्वज्ञ, सर्वसुहृद्, सर्वसमर्थ भगवान्‌का विधान है कि पापसे अधिक दण्ड कोई नहीं भोगता और जो दण्ड मिलता है, वह किसी-न-किसी पापका ही फल होता है।

29. This is the Cosmic Law of All-Knowing, All-Benevolent, and Almighty God that one does not suffer punishment greater than one's misdeed and whatever punishment one gets is the result of some misdeed.

३०. पापोंसे पुण्य नहीं कटते और पुण्योंसे पाप नहीं कटते। हाँ, अगर मनुष्य पाप काटनेके उद्देश्यसे (प्रायश्चित्त-रूपसे) शुभकर्म करता है, तो उसके पाप कट सकते हैं।

30. Misdeeds do not neutralize or cancel pious deeds and pious deeds do not neutralize or cancel misdeeds. If a person, by way of *repentance*, performs pious deeds to cancel misdeeds, then his misdeeds may get cancelled.

३१. अभी पुण्यात्मा जो दुःख पा रहा है, यह पूर्वके किसी जन्ममें किये हुए पापका फल है, अभी किये हुए पुण्यका नहीं। ऐसे ही अभी पापात्मा जो सुख भोग रहा है, यह भी पूर्वके किसी जन्ममें किये हुए पुण्यका फल है, अभी किये हुए पापका नहीं।

31. If a virtuous soul is experiencing sorrow now, this is the result of misdeed done in some previous lifetime; it is not the result of virtuous deeds performed in this lifetime. In the same manner, whatever happiness a sinful person is experiencing now, it is the result of virtuous actions performed in some previous lifetime; it is not the result of misdeeds performed in this lifetime.

३२. मनुष्यको कभी भी ऐसा नहीं मानना चाहिये कि पुराने पापोंके कारण मेरेसे भजन नहीं हो रहा है; क्योंकि पुराने पाप केवल प्रतिकूल परिस्थितिरूप फल देनेके लिये होते हैं, भजनमें बाधा देनेके लिये नहीं। प्रतिकूल परिस्थिति देकर वे पाप नष्ट हो जाते हैं।

32. A person should never accept that he is not able to perform God's worship due to past misdeeds because past misdeeds can only fructify in the form of unfavorable circumstances and cannot cause impediments in God's worship. These misdeeds extinguish themselves after generating unfavorable circumstances.

३३. भगवान्‌के सम्मुख होना सबसे बड़ा पुण्य है; क्योंकि यह सब पुण्योंका मूल है। परन्तु भगवान्‌से विमुख होना सबसे बड़ा पाप है; क्योंकि यह सब पापोंका मूल है।

33. To turn towards God is the greatest pious act (*punya*), since it is the root of all pious actions. To turn away from God is the greatest sin, since it is the root of all sins.

३४. भगवान्‌से विमुख होकर उन्होंने संसारकी सब भाषाएँ सीख लीं, तरह-तरहकी विद्याओंका ज्ञान प्राप्त कर लिया, कई तरहके आविष्कार कर लिये, अनन्त प्रकारके ज्ञान प्राप्त कर लिये, पर इससे उनका कल्याण नहीं होगा, जन्म-मरण नहीं छूटेगा। इसलिये वे सब ज्ञान निष्फल हैं।

34. Turning away from God, they have learned all the languages of the world; they have learned about various branches of knowledge; made various kinds of discoveries; and learned endless kinds of knowledge. However, all this knowledge will not result in their spiritual welfare; they will not become free from (the cycle of) birth and death. Due to this reason, all these types of knowledge are futile.

३५. साधक जिसको अपना मान लेता है, उसमें उसकी प्रियता स्वत: हो जाती है। परन्तु वास्तविक अपनापन उस वस्तुमें होता है, जिसमें ये चार बातें हों—१. जिससे हमारी सधर्मता अर्थात् स्वरूपगत एकता हो। २. जिसके साथ हमारा सम्बन्ध नित्य रहनेवाला हो। ३. जिससे हम कभी कुछ न चाहें। ४. हमारे पास जो कुछ है, वह सब जिसको समर्पित कर दें। ये चारों बातें भगवान्‌में ही लग सकती हैं।

35. Whomever the spiritual aspirant considers his own, that object becomes dear on its own. But the real feeling of dearness is towards that object which has these four qualities: 1. With which we have likeness of our own kind or oneness of our form; 2. With which we have an everlasting relationship; 3. From whom we expect nothing; and 4. To whom we surrender everything that we have. These four qualities apply to God only.

३६. जब मनुष्य इस बातको जान लेता है कि इतने बड़े संसारमें, अनन्त ब्रह्माण्डोंमें कोई भी वस्तु अपनी नहीं है, प्रत्युत जिसके एक अंशमें अनन्त ब्रह्माण्ड हैं, वही अपना है, तब उसके भीतर भगवान्‌की आवश्यकताका अनुभव होता है। कारण कि अपनी वस्तु वही हो सकती है, जो सदा हमारे साथ रहे और हम सदा उसके साथ रहें। जो कभी हमारेसे अलग न हो और हम कभी उससे अलग न हों। ऐसी वस्तु भगवान् ही हो सकते हैं।

36. When a person comes to realize that in this big world, in the infinite universes, nothing belongs to him; but He, in whose one little part are contained infinite universes, alone is our own, then he experiences the necessity for God within himself. For we can call only that object our own which always remains with us and we remain always with it; which does not ever get separated from us, and from which we do not ever get separated. Only God can be such an object!

३७. परमात्माको अपना माननेके सिवाय प्रेम-प्राप्तिका और कोई उपाय है ही नहीं। प्रेम यज्ञ, दान, तप, तीर्थ, व्रत आदि बड़े-बड़े पुण्यकर्मोंसे नहीं मिलता, प्रत्युत भगवान्‌को अपना माननेसे मिलता है।

37. There is no other method to attain love other than considering God '*as our very own*.' Love is not attained by performing big pious acts like sacrifices, donations, austerities, pilgrimages, fasts, etc.; it (love) is attained by accepting God as our own.

३८. भगवान्‌के साथ अपनापन माननेके समान दूसरा कोई साधन नहीं है, कोई योग्यता नहीं है, कोई बल नहीं है, कोई अधिकारिता नहीं है। प्रभुको अपना माननेमें मन, बुद्धि आदि किसीकी सहायता नहीं लेनी पड़ती, जबकि दूसरे साधनोंमें मन, बुद्धि आदिकी सहायता लेनी पड़ती है।

38. There is no method comparable to accepting a sense of belonging to God; no qualification, no strength, and no competence can match it. In accepting God as our own, we do not have to seek any help from mind, intellect etc.; whereas, in other methods, we need to take help from mind, intellect etc.

३९. 'केवल भगवान् ही मेरे हैं और मैं भगवान्‌का ही हूँ; दूसरा कोई भी मेरा नहीं है और मैं किसीका भी नहीं हूँ'—इस प्रकार भगवान्‌में अपनापन करनेसे उनकी प्राप्ति शीघ्र एवं सुगमतासे हो जाती है।

39. Only God is mine and I verily belong to God; no one else is mine and I do not belong to anyone—by invoking a *sense of belonging ('own-ness') with God* like this, one attains God immediately and easily.

४०. जो किसीको भी अपना मानता है, वह वास्तवमें भगवान्‌को सर्वथा अपना नहीं मानता, कहनेको चाहे कहता रहे कि भगवान् मेरे हैं।

40. Who considers anyone as his own (other than God); he really does not consider God as his own even when he keeps saying for the sake of saying that God is mine.

४१. भगवान् भक्तके अपनेपनको ही देखते हैं, गुणों और अवगुणोंको नहीं अर्थात् भगवान्‌को भक्तके दोष दीखते ही नहीं, उनको तो केवल भक्तके साथ जो अपनापन है, वही दीखता है।

41. God only looks at the sentiment of"own-ness" (*apnapann)* in the heart of the devotee and not at devotee's qualities and faults, for God does not see the faults of His devotee; He only perceives the feeling of "own-ness" with the devotee.

४२. सम्पूर्ण प्राणियोंके परम सुहृद् होनेसे भगवान्‌का कोई वैरी नहीं है; परन्तु जो मनुष्य भक्तोंका अपराध करता है, वह भगवान्‌का वैरी होता है।

42. Being the benevolent heart of every creature, God has no enemies; however, he who mistreats devotees, he is God's enemy.

४३. एक मार्मिक बात है कि भगवान्‌को न मानना कामनासे भी अधिक दोषी है। जो भगवान्‌को छोड़कर अन्य देवताओंकी उपासना करते हैं, उनमें यदि कामना रह जाय तो वे जन्म-मरणको प्राप्त होते हैं—'**गतागतं कामकामा लभन्ते**' (गीता ९। २१)। परन्तु जो केवल भगवान्‌का ही भजन करते हैं, उनमें यदि कामना रह भी जाय तो भगवान्‌की कृपा और भजनके प्रभावसे वे भगवान्‌को ही प्राप्त होते हैं। कारण कि मनुष्यका किसी भी तरहसे भगवान्‌के साथ सम्बन्ध जुड़ जाय तो वह भगवान्‌को ही प्राप्त होता है; क्योंकि वह मूलमें भगवान्‌का ही अंश है।

43. A matter of deep significance: Not to accept God is a greater defect than running after desires. Those who worship deities other than God attain to the world of birth and death if there is any desire left in them. However, those who worship only God, even if some desire is left in them, with God's grace and by virtue of God's worship, they attain to God only. The reason being that whichever way a relationship is formed with God, man attains to God only since, in essence, he is verily a part of God.

४४. भगवान्‌की उपासना करनेवालोंकी सभी कामनाएँ पूरी हो जायँ, यह नियम नहीं है। भगवान् उचित समझें तो पूरी कर भी दें और न भी करें अर्थात् उनका हित होता हो तो पूरी कर देते हैं और अहित होता हो तो कितना ही पुकारनेपर तथा रोनेपर भी पूरी नहीं करते।

44. There is no such law that all the desires of God's devotees will be fulfilled. If God thinks it appropriate He may fulfill them or may not fulfill them. If it results in the wellbeing of the devotees, God fulfills their desires; if it does not result in their wellbeing, God does not fulfill their desires howsoever intensely the devotees may call upon God.

४५. किसी वस्तुकी इच्छाको लेकर भगवान्‌की भक्ति करनेवाला मनुष्य वस्तुतः उस इच्छित वस्तुका ही भक्त होता है; क्योंकि (वस्तुकी ओर लक्ष्य रहनेसे) वह वस्तुके लिये ही भगवान्‌की भक्ति करता है, न कि भगवान्‌के लिये।

45. A person, who worships God with the desire of an object in mind, is verily a devotee of that object only. Since, due to the object being the target, he worships God for the sake of the object only and not for the sake of God.

४६. यह एक बड़ी मार्मिक बात है कि मनुष्य जिन प्राकृत पदार्थोंको अपना मान लेते हैं, उन पदार्थोंके सदा ही परवश (पराधीन) हो जाते हैं। वे वहम तो यह रखते हैं कि हम इन पदार्थोंके मालिक हैं, पर हो जाते हैं उनके गुलाम! परन्तु भगवान्‌को अपना माननेसे मनुष्यकी परवशता सदाके लिये समाप्त हो जाती है। तात्पर्य यह हुआ कि मनुष्य पदार्थों और क्रियाओंको अपनी मानता है तो सर्वथा परतन्त्र हो जाता है, और भगवान्‌को अपना मानता है तो सर्वथा स्वतन्त्र हो जाता है।

46. This is a matter of deep significance that people become forever dependent upon those objects which they consider to be their own. They remain under the delusion that they are the masters of those objects while in fact they become their slaves. However, the dependence upon others ends forever by accepting God as our own. That is, when a person considers objects and activities as his own, he becomes dependent on others; when he considers God as his own, he becomes forever free.

४७. मनुष्योंकी रुचि, विश्वास और योग्यताके अनुसार उपासनाके भिन्न-भिन्न प्रकार होते है, पर उनके अन्तिम फलमें कोई फरक नहीं होता। सबका प्रापणीय तत्त्व एक ही होता है। उस परमात्माको चाहे सगुण-निराकार मानकर उपासना करें, चाहे निर्गुण-निराकार मानकर उपासना करें और चाहे सगुण-साकार मानकर उपासना करें, अन्तमें सबको एक ही परमात्माकी प्राप्ति होती है।

47. There are different types of devotion depending upon the faith and competence of people but there is no difference in their ultimate result. The resultant outcome of all types of devotion is one only. One may worship God considering Him with attributes and formless orattributeless and formless or with attributes and form. In the end, all attain to one God only.

४८. सम्पूर्ण मनुष्योंको एक ही परमात्मतत्त्वकी प्राप्ति होती है। मुक्ति चाहे ब्राह्मणकी हो अथवा

चाण्डालकी, दोनोंको एक ही तत्त्वकी प्राप्ति होती है। भेद केवल शरीरोंको लेकर है, जो उपादेय है। तत्त्वको लेकर कोई भेद नहीं है। पहले जितने सनकादिक महात्मा हुए हैं, उनको जो तत्त्व प्राप्त हुआ है, वही तत्त्व आज भी प्राप्त होता है।

48. All persons attain to one God only. Whether a Brahmin becomes free or a *chandaal*, both attain the same Reality or Truth. The difference is only on account of the bodies which are adventitious. There is no difference based on the reality of Truth. Whatever truth was attained by such saints of the past as *Sanaka* etc. is attainable today also.

४९. परमात्मामें शरीर और शरीरी, सत् और असत्, जड़ और चेतन, ईश्वर और जगत्, सगुण और निर्गुण, साकार और निराकार आदि कोई विभाग है ही नहीं। उस एकमें ही अनेक विभाग हैं और अनेक विभागमें वह एक ही है। वह विवेक-विचारका विषय नहीं है, प्रत्युत श्रद्धा-विश्वासका विषय है।

49. There are no classifications in God such as body and soul; truth and untruth; inert and conscious, with attributes and attribute-less; with form and formless. In that One only, there are various spheres (*vibhaag*); and in many spheres, there is that One only. This is not a subject of *vivek-vichaar* (discrimination or self-inquiry); rather, it is a subject of reverence and faith.

५०. भगवान्‌का ही अंश होनेके कारण हम भगवान्‌से अलग नहीं हो सकते, उनको छोड़ नहीं सकते। सर्वसमर्थ भगवान् भी जीवसे अलग नहीं हो सकते, जीवको छोड़ नहीं सकते। अगर भगवान् जीवको छोड़ दें तो जीव एक नया भगवान् हो जायगा अर्थात् भगवान् एक नहीं रहेंगे, प्रत्युत अनेक हो जायँगे, जो कभी सम्भव नहीं है। जिसको हम छोड़ नहीं सकते, उसके विषयमें यह प्रश्न ही नहीं उठता कि वह कैसा है? अतः भगवान् कैसे हैं, क्या हैं, यह विचार न करके उनमें प्रेम करना चाहिये।

50. Due to being a particle of God, we cannot be separated from God; we cannot relinquish God. Almighty God also cannot get separated from *jivas* and cannot relinquish *jivas*. If God relinquishes *jiva*, then *Jiva* will become a new god; that is, God will not remain one but will become many which is not possible. How is He?—this question does not arise regarding the One whom we cannot relinquish. Therefore, we should love God without pondering over such questions as, how is God, what is God?

५१. जो अपना है, अभी है और अपनेमें है, उस तत्त्वकी प्राप्ति कुछ करनेसे नहीं होती; क्योंकि उसकी अप्राप्ति कभी होती ही नहीं। हम कुछ करेंगे, तब प्राप्ति होगी—यह भाव देहाभिमानको पुष्ट करनेवाला है।

51. The One who is ours, is there even now and is within us, that (One) Reality (*tattva*) is attained not by doing something; because it is never unattained. That we will do something and then attain It—this sentiment strengthens the idea of pride-in-the-body-self (*dehabhimaan*).

५२. जब साधकका यह लक्ष्य हो जायगा कि उसे भगवान्‌को ही प्राप्त करना है और वह यह भी पहचान लेगा कि अनादिकालसे उसका भगवान्‌के साथ स्वत:सिद्ध सम्बन्ध है, तब कोई भी साधन उसके लिये छोटा नहीं रह जायगा। किसी साधनका छोटा या बड़ा होना लौकिक दृष्टिसे ही है। वास्तवमें मुख्यता उद्देश्यकी ही है।

52. When attaining God only becomes the goal of the spiritual aspirant and when he will also recognize that, from time immemorial, he has had self-proven relationship with God, then no spiritual practice will remain less important for him. A spiritual practice is higher or lower only from the worldly standpoint; in reality, it is the goal that is of primary importance.

५३. मनुष्य भगवान्‌की प्राप्तिके बिना सुख-आरामसे रहता है, वह अपनी आवश्यकताको भूले रहता है। वह मिली हुई वस्तु, योग्यता और सामर्थ्यमें ही सन्तोष कर लेता है। अगर वह भगवान्‌की आवश्यकताका अनुभव करे, उनके बिना चैनसे न रह सके तो भगवान्‌की प्राप्तिमें देरी नहीं है। कारण कि जो नित्यप्राप्त है, उसकी प्राप्तिमें क्या देरी? भगवान् कोई वृक्ष तो हैं नहीं कि आज बोयेंगे और वर्षोंके बाद फल मिलेगा! वे तो सब देशमें, सब समयमें, सब वस्तुओंमें, सब अवस्थाओंमें, सब परिस्थितियोंमें ज्यों-के-त्यों विद्यमान हैं। हम ही उनसे विमुख हुए हैं, वे हमसे कभी विमुख नहीं हुए।

53. Without attaining God, man seems to live in comfort and peace; he remains forgetful of his (real) want. He remains satisfied withthe *received* object, qualification, and competence. If he experiences the necessity for God, and cannot live restfully without God, then he will be able to attain God without delay. For what delay will be involved in attaining That which is ever-attained? God is not any tree that one has to plant today and get its fruits after years. God is ever-present in all places, all times, all objects, all states, and all circumstances. We are the ones who have turned ourselves away from Him. God has never turned away from us, ever.

५४. बालक माँकी गोदीमें जाय तो उसके लिये किसी विधिकी जरूरत नहीं है। वह तो अपनेपनके सम्बन्धसे ही माँकी गोदीमें जाता है। ऐसे ही भगवान्‌की प्राप्तिके लिये विधि, मन्त्र आदिकी आवश्यकता नहीं है, केवल अपनेपनके दृढ़ भावकी आवश्यकता है।

54. If a child wants to go to his mother's lap, he does not need to follow any protocol to do so. He goes to his mother's lap on the strength of his relationship (of '*own-ness'*with her mother)—that he is her very own. In the same manner, to attain God, one does not need proper procedures, mantras etc., but only the strong sentiment of '*own-ness' (apnapann)*.

५५. किसी विशेष साधन, गुण, योग्यता, लक्षण आदिके बदलेमें परमात्मप्राप्ति होगी—यह बिलकुल गलत धारणा है। किसी मूल्यके बदलेमें जो वस्तु प्राप्त होती है, वह उस मूल्यसे कम मूल्यकी ही होती है—यह सिद्धान्त है। इसलिये वे किसी साधन आदिसे खरीदे नहीं जा सकते। इसके सिवाय अगर किसी मूल्य (साधन, योग्यता आदि)-के बदलेमें परमात्माकी प्राप्ति मानी जाय, तो उनसे हमें लाभ भी क्या होगा? क्योंकि उनसे अधिक मूल्यकी वस्तु (साधन आदि) तो

हमारे पास पहलेसे है ही!

55. That we will attain God in exchange of some special spiritual practice, quality, qualification, feature etc.—this is a totally wrong conviction. It is a rule that '*anything that is received in exchange of some price is always of less value than the price itself*.' Therefore, God cannot be "bought" with the help of any spiritual practice etc. [that is, if we are able to attain God in exchange of any spiritual practice etc., this will tantamount to saying that God is of less value than the spiritual practice itself, according to the principle that 'anything that is received in exchange of some price is always of less value than the price itself.' This will not even pass the test of commonsense, let alone passing the test of logic!] Even otherwise, if we were to accept that God is attainable in exchange of some price (spiritual practice, qualification etc.), then what benefit will we drive from Him for we already have had an object (spiritual practice etc.) of greater value than God!

५६. भोगबुद्धिसे सांसारिक भोग भोगनेवाला मनुष्य हिंसारूप पापसे बच ही नहीं सकता। वह अपनी भी हिंसा (पतन) करता है और दूसरोंकी भी। भोगबुद्धिसे भोग भोगनेवाला पुरुष अपना तो पतन करता है, भोग्य वस्तुओंका दुरुपयोग करके उनका नाश करता है, और अभावग्रस्त पुरुषोंकी हिंसा करता है।

56. A person who enjoys worldly sense-pleasures with an indulgence-mindset (*bhog-buddhi*)cannot escape from the sin of (the nature of) violence. He incurs (the sin of) violence (downfall) against himself as well as against others. The one who enjoys sense-pleasures with an indulgence mind-set not only heralds his own downfall—he also destroys the objects of sense-pleasure by misusing them—and incurs violence against those people who (need and) lack those objects.

५७. जो सांसारिक भोग और संग्रहमें लगे हुए हैं, ऐसे मनुष्योंके द्वारा 'श्रवण' होता है शास्त्रोंका, 'मनन' होता है विषयोंका, 'निदिध्यासन' होता है रुपयोंका और 'साक्षात्कार' होता है दु:खोंका!

57. Those who are busy in the collection and in the indulgence of worldly objects—such persons,though they "hear" scriptures, yet they verily "reflect" upon sense objects; they "contemplate" upon money; and they "experience" sorrows!

५८. एक मार्मिक बात है कि जबतक साधक एक परमात्माकी सत्ताके सिवाय दूसरी सत्ता मानेगा, तबतक उसका मन सर्वथा निरुद्ध नहीं हो सकता।

58. A matter of deep significance is that as long as the spiritual aspirant accepts the existence of any reality other than God, till then his mind does not get completelycontrolled.

५९. मनुष्यमें एक इच्छाशक्ति है, एक प्राणशक्ति है। इच्छाशक्तिके रहते हुए प्राणशक्ति नष्ट हो जाती है, तब नया जन्म होता है। अगर इच्छाशक्ति न रहे तो प्राणशक्ति नष्ट होनेपर भी पुन: जन्म नहीं होता।

59. Man has predisposition to desire and he also has life-current (*pranashakti*). If the life current ends while predisposition to desire remains, then one is born in a new life form. If the predisposition to desire comes to end, then even if the life current remains, one is not born again.

६०. यह सिद्धान्त है कि नौकर अच्छा हो, पर मालिक तिरस्कारपूर्वक उसे निकाल दे तो फिर उसे अच्छा नौकर नहीं मिलेगा। ऐसे ही मालिक अच्छा हो, पर नौकर उसका तिरस्कार कर दे तो फिर उसे अच्छा मालिक नहीं मिलेगा। इसी प्रकार मनुष्य परमात्मप्राप्ति किये बिना शरीरको सांसारिक भोग और संग्रहमें ही खो देता है तो फिर उसे मनुष्यशरीर नहीं मिलेगा।

60. It is a law that if the master let go of a good servant, he will not get a good servant again. Likewise, if the master is good and the servant gives him up, then he will not get a good master again. Similarly, if man, *without* realizing God, wastes his body in the collection and indulgence of worldly objects only, he will not get the human form again.

६१. असत् पदार्थोंके साथ सम्बन्ध रखते हुए मनुष्य कितना ही अभ्यास कर ले, समाधि लगा ले, गिरि-कन्दराओंमें चला जाय, तो भी गीताके सिद्धान्तके अनुसार वह 'योगी' नहीं कहा जा सकता।

61. While the relationship with untrue objects (*asatpadaarth*) remains, no matter how much spiritual practice a person may engage in, or may remain absorbed in *samadhi*, even then he will not be called a *Yogi* according to the doctrine of the Gita.

६२. भोगका त्याग करनेसे ही योग होता है।

62. Union (*Yog*) with God is achieved only by giving up the indulgence in sense-pleasures (*bhog)*.

६३. जब सांसारिक वस्तु, व्यक्ति, घटना, परिस्थिति, क्रिया, पदार्थ आदिमें राग (आसक्ति) हो जाता है, तो वह राग दूसरोंके प्रति द्वेष पैदा करनेवाला हो जाता है। फिर जिसमें राग हो जाता है, उसके दोषोंको और जिसमें द्वेष हो जाता है, उसके गुणोंको मनुष्य नहीं देख सकता। राग और द्वेष—इन दोनोंमें संसारके साथ सम्बन्ध जुड़ता है।

63. When there develops an attachment to (or attraction for) a worldly thing, person, occurrence, situation, activity, object etc., that attachment gives birth to aversion towards others. Then one cannot see the deficiencies of the person one is attached to; likewise, one cannot see the good qualities of a person for whom one has aversion. Attachment and aversion—in both of these feelings, the relationship with the world gets established.

६४. कोई पुरुष व्याख्यान देते समय तो वक्ता (व्याख्यानदाता) होता है, पर जब दूसरे समयमें भी वह अपनेको वक्ता मानता रहता है, तब उसका कर्तृत्वाभिमान नहीं मिटता। अपनेको निरन्तर व्याख्यानदाता माननेसे ही उसके मनमें यह भाव आता है कि 'श्रोता मेरी सेवा करें, मेरा आदर करें, मेरी आवश्यकताओंकी पूर्ति करें'; और 'मैं इन साधारण आदमियोंके पास कैसे बैठ सकता

हूँ, मैं यह साधारण काम कैसे कर सकता हूँ' आदि।

64. A person isa speaker (or lecturer) when he is giving a speech. But when he considers himself an orator during other times also, his pride of doership does not get extinguished. By always considering himself a public speaker, he develops a feeling in him mind that 'the listeners should serve me, respect me, and fulfill my needs;' and 'how can I sit next to these ordinary people; how can I do this ordinary task,' etc.

६५. व्याख्यान देनेवाला व्यक्ति श्रोताओंको अपना मानने लग जाता है। किसीका भाई-बहन न हो, तो वह धर्मका भाई-बहन बना लेता है। किसीका पुत्र न हो, तो वह दूसरेका बालक गोद ले लेता है। इस तरह नये-नये सम्बन्ध जोड़कर मनुष्य चाहता तो सुख है, पर पाता दुःख ही है।

65. The orator starts considering the listeners as his own. If one does not have real brother and sister, hefinds a *dharam* brother and sister. If one does not have a son of his own, he adopts someone else's child. Although, by creating new relationships in this manner, man wishes to get happiness; but he gets unhappiness only.

६६. मनुष्यसे यह बहुत बड़ी भूल होती है कि वह मिली हुई वस्तुको तो अपनी मान लेता है, पर जहाँसे वह मिली है, उस देनेवालेकी तरफ उसकी दृष्टि जाती ही नहीं! वह मिली हुई वस्तुको तो देखता है, पर देनेवालेको देखता ही नहीं! कार्यको तो देखता है, पर जिसकी शक्तिसे कार्य हुआ, उस कारणको देखता ही नहीं! वास्तवमें वस्तु अपनी नहीं है, प्रत्युत देनेवाला अपना है।

66. One of the cardinal errors a person makes is that although he considers the received object as his own, but he does not turn his sight at all towards the giver. He sees the received object but does not see the giver at all. He sees the effect but does not see the One by whose power the task has been accomplished—he does not see that cause. In fact, the object is not ours; however, the giver is ours.

६७. सृष्टिकी प्रत्येक वस्तु, व्यक्ति आदि प्रतिक्षण नाशकी ओर जा रहे हैं। हम जिस वस्तु, व्यक्ति आदिमें सुन्दरता, बलवत्ता आदि विशेषता देखते हैं, वे एक दिन नष्ट हो जाते हैं। अत: सृष्टिकी प्रत्येक वस्तु मानो यह क्रियात्मक उपदेश दे रही है कि मेरी तरफ मत देखो, मैं तो रहूँगी नहीं, मेरेको बनानेवालेकी तरफ देखो। मेरेमें जो सुन्दरता, सामर्थ्य, विलक्षणता आदि दीख रही है, यह मेरी नहीं है, प्रत्युत उसकी है!

67. Every worldly object, person etc. is continuously proceeding towards destruction. Whatever special beauty, strength etc. we observe in any object, person etc., they get destroyed one day. It is as if every worldly object is giving this practical advice: 'Do not look toward me because I will not endure; look towards the One who made me. Whatever beauty, competence, uniqueness etc. is seen in me, it is not mine, but belongs to Him.'

६८. यद्यपि जिस किसीमें जो भी विशेषता है, वह परमात्माकी है तथापि जिनसे हमें लाभ हुआ है अथवा हो रहा है, उनके हम जरूर कृतज्ञ बनें, उनकी सेवा करें। परन्तु उनकी व्यक्तिगत विशेषता मानकर वहाँ फँस न जायँ—यह सावधानी रखें।

68. Although, whatever special quality a person may have, it all belongs to God only; yet if we have benefitted or are benefiting from someone, we should be grateful to them, we should serve them. One should be careful though not to get struck in it by considering these qualities as their "personal" (*vyaktigatt*) qualities.

६९. सत्-असत्का विवेक मनुष्य अगर अपने शरीरपर करता है तो वह साधक होता है और संसारपर करता है तो विद्वान् होता है। अपनेको अलग रखते हुए संसारमें सत्-असत्का विवेक करनेवाला मनुष्य वाचक (सीखा हुआ) ज्ञानी तो बन जाता है, पर उसको अनुभव नहीं हो सकता। परन्तु अपनी देहमें सत्-असत्का विवेक करनेसे मनुष्य वास्तविक (अनुभवी) ज्ञानी हो सकता है।

69. If a person applies the *vivek* (logic of discrimination) of *sat* (real or true) and *asat* (unreal or untrue) on his own body, he is a *sadhak* (spiritual aspirant or seeker); if he applies this *vivek* (logic) on the world, then he is *vidvaan* (a learned person). One who discriminates between what is real and what is unreal with regards to the world while keeping "himself" separate from this logic (that is, *not* applying the logic of real and unreal with regards to his "body"), such a person may become a "learned-speaker" type*jnani,* buthe cannot have the real experience (of Truth). However, by applying the discriminative logic of real and unreal with regards to one's body, one can become a true *jnani—the one who has truly verified the truth of the real and the unreal, first-hand, in his own self*.

७०. शरणागत भक्त 'मैं भगवान्का हूँ और भगवान् मेरे हैं' इस भावको दृढ़तासे पकड़ लेता है, स्वीकार कर लेता है तो उसके भय, शोक, चिन्ता, शंका आदि दोषोंकी जड़ कट जाती है अर्थात् दोषोंका आधार मिट जाता है। कारण कि भक्तिकी दृष्टिसे सभी दोष भगवान्की विमुखतापर ही टिके रहते हैं।

70. The devotee who has completely surrendered himself to God accepts and holds strongly to the feeling that 'I am God's and God is mine.' This feeling (that I am God's and God is mine) cuts the very root of the defects such as fear, sorrow, worry, doubt, etc. That is, the very basis of such defects gets destroyed. Because, from the standpoint of devotion (*bhakti*), all defects find their sustenance due to turning away from God (*Bhagwan ki vimukhtaa*).

७१. अगर अपनेमें भक्तोंके गुण दिखायी देंगे तो उनका अभिमान हो जायगा और अगर नहीं दिखायी देंगे तो निराशा हो जायगी। इसलिये यही अच्छा है कि भगवान्के शरण होनेके बाद इन गुणोंकी तरफ भूलकर भी नहीं देखें। भगवान्के शरण होनेवाले भक्तमें ये सब-के-सब गुण अपने-आप ही आयेंगे, पर इनके आने या न आनेसे उसको कोई मतलब नहीं रखना चाहिये।

71. If we start noticing the qualities of a devotee (*bhakta)* in us, then we will start taking pride in them; if we won't see those qualities, we may feel disappointed.

Therefore, the best thing is, after taking refuge in God, not to look towards them; not even mistakenly. All such qualities manifest spontaneously in the devotee who has surrendered to God, but he does not pay any attention to whether these qualities are there or not there.

७२. वास्तवमें शरीरसे संसारका ही काम होता है, अपना काम होता ही ही नहीं; क्योंकि शरीर हमारे लिये है ही नहीं। कुछ-न-कुछ काम करनेके लिये ही शरीरकी जरूरत होती है। अगर कुछ भी न करें तो शरीरकी क्या जरूरत? इसलिये शरीरके द्वारा अपने लिये कुछ करना ही दोष है। मिली हुई वस्तुके द्वारा हम अपने लिये कुछ नहीं कर सकते, प्रत्युत उसके द्वारा संसारकी सेवा कर सकते हैं। शरीर संसारका अंश है; अतः इससे जो कुछ होगा, संसारके लिये ही होगा।

72. In reality, the body is useful for accomplishing worldly tasks; it is not useful for accomplishing anything for one's own self—because the body is not meant for us anyway. We need the body to accomplish work in some form or the other. If we do not (need to) do anything, what purpose we will need the body for? Therefore, (trying) to dosomething for ourselves with the help of the body is the fault. We cannot do anything for ourselves with the 'received' object; but we can serve the world with it. The body is a part of the world; therefore, whatever will happen through it would be for the world.

७३. शरीर केवल कर्म करनेका साधन है और कर्म केवल संसारके लिये ही होता है। जैसे कोई लेखक जब लिखने बैठता है, तब वह लेखनीको ग्रहण करता है और जब लिखना बन्द करता है, तब लेखनीको यथास्थान रख देता है, ऐसे ही साधकको कर्म करते समय शरीरको स्वीकार करना चाहिये और कर्म समाप्त होते ही शरीरको ज्यों-का-त्यों रख देना चाहिये—उससे असंग हो जाना चाहिये। कारण कि अगर हम कुछ भी न करें तो शरीरकी क्या जरूरत है?

73. The body is just a device to do actions and actions are meant only for the world. As when a writer sits down to write, he assumes a pen and when he has finished writing, he puts away the pen at an appropriate place. In the same manner, the aspirant should admit the body while needing to do actions and should set it aside, as it were, after the work is completed; that is, he should "dis-identify" (*asang*) himself with the body (after the work is done). Therefore, if we do not do anything, what purpose we will need the body for?

७४. आजतक देवता, मनुष्य, पशु, पक्षी, यक्ष, राक्षस आदि अनेक शरीरों (योनियों)-में जो भी कर्म किये गये हैं, उनमेंसे कोई भी 'कर्म' स्वरूपतक नहीं पहुँचा तथा कोई भी 'शरीर' स्वरूपतक नहीं पहुँचा; क्योंकि कर्म और पदार्थ (शरीर)-का विभाग ही अलग है और स्वरूपका विभाग ही अलग है।

74. Till present time, in various bodily forms such as a deity, as a human being, animal, bird, demigod (*yaksha)*, demon etc., whatever actions had been performed, none of those 'actions' reached our true nature (*Swarupa*); and no 'bodily form' reached

our true nature. It is because the category of actions and material objects (body) is verily different than that of *Swarupa*.

७५. पुरुषकी स्थिति (सम्बन्ध) व्यष्टि शरीरमें हो जानेसे उसकी स्थिति समष्टि प्रकृतिमें हो जाती है; क्योंकि व्यष्टि शरीर और समष्टि प्रकृति—दोनों एक ही हैं। वास्तवमें देखा जाय तो व्यष्टि है ही नहीं, केवल समष्टि ही है। व्यष्टि केवल भूलसे मानी हुई है। जैसे समुद्रकी लहरोंको समुद्रसे अलग मानना भूल है, ऐसे ही व्यष्टि शरीरको समष्टि संसारसे अलग (अपना) मानना भूल ही है।

75. When the *Purusha* gets established in the individual body (*vyashtisharrir*), then It gets established in totality of *Prakriti*. It is because the individual body and totality of Prakriti are both the same. Really speaking, there are no individual entities (*vyashti)*; there is only Totality of beings (*samashti*).[1] We have presumed individuality mistakenly. As it is a mistake to consider the waves of ocean to be separate from the ocean, even so to consider individual body to be separate from the totality of world is verily a mistake.

७६. संसारको हम एक ही बार देख सकते हैं, दूसरी बार नहीं। कारण कि संसार प्रतिक्षण परिवर्तनशील है; अत: एक क्षण पहले वस्तु जैसी थी, दूसरे क्षणमें वह वैसी नहीं रहती। इससे भी अधिक मार्मिक बात यह है कि वास्तवमें संसार एक बार भी नहीं दीखता। कारण कि शरीर, इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि आदि जिन करणोंसे हम संसारको देखते हैं—अनुभव करते हैं, वे करण भी संसारके ही हैं। अत: वास्तवमें संसारसे ही संसार दीखता है। जो शरीर-संसारसे सर्वथा सम्बन्ध-रहित है, उस स्वरूपसे संसार कभी दीखता ही नहीं!

76. We can perceive the world only once, and not the second time. The reason being that the world is ever-changing every moment. Thus, an object does not remain the same a moment later as it was a moment ago. A matter of even greater significance than this is that, in reality, the world is not perceived even once. Because the body, the senses, the mind, the intellect etc.—the means through which we perceive the world—they also belong to the world. Thus, in reality, the world is perceived through the (means that belong to) world. The *Swarupa* that is ever free of any trace of relationship with the world; with that *Swarupa,* the world is never perceived.

७७. अन्त:करणमें सांसारिक (संयोगजन्य) सुखकी कामना रहनेसे संसारमें आसक्ति हो जाती है। यह आसक्ति संसारको असत्य या मिथ्या जान लेनेपर भी मिटती नहीं; जैसे—सिनेमामें दीखनेवाले दृश्य (प्राणी-पदार्थों)-को मिथ्या जानते हुए भी उसमें आसक्ति हो जाती है अथवा जैसे भूतकालकी बातोंको याद करते समय मानसिक दृष्टिके सामने आनेवाले दृश्यको मिथ्या जानते हुए भी उसमें आसक्ति हो जाती है। अत: जबतक भीतरमें सांसारिक सुखकी कामना है, तबतक संसारको मिथ्या माननेपर भी संसारकी आसक्ति नहीं मिटती।

77. Due to the remaining of the desire for pleasure born of senses coming in contact with their objects, one develops attachment to the world. This attachment does

not go away even when one knows the world to be non-real (*asat*) or illusory (*mithya*). For example—one getsattached to the scenes (characters-objects) of the cinema even when one knows that they are unreal. Or it's like one gets attached, while remembering the events of the past, to what comes before mind's eye even when one knows it to be unreal. Therefore, as long as one has an internal desire for the pleasures of the world, till then attachment to the world does not end even while accepting the world to be unreal.

७८. असत् और सत्—इन दोनोंको ही प्रकृति और पुरुष, क्षर और अक्षर, शरीर और शरीरी, अनित्य और नित्य, नाशवान् और अविनाशी आदि अनेक नामोंसे कहा गया है। देखने, सुनने, समझने, चिन्तन करने, निश्चय करने आदिमें जो कुछ भी आता है, वह सब 'असत्' है। जिसके द्वारा देखते, सुनते, चिन्तन आदि करते हैं, वह भी 'असत्' है और दीखनेवाला भी 'असत्' है।

78. The unreal (a*sat*) and the unreal (*sat*)—these two are also known by several names such as *Prakriti* and *Purusha*, perishable and imperishable, body and soul, eternal and temporal, etc. Whatever is seen, heard, understood, thought, willed, etc.;all that is unreal. By virtue of which we see, hear, contemplate, etc., that too is unreal.

७९. भगवान्, सन्त-महात्मा आदिके रहते हुए हमारा उद्धार नहीं हुआ है तो इसमें उद्धारकी सामग्रीकी कमी नहीं रही है अथवा हम अपना उद्धार करनेमें असमर्थ नहीं हुए हैं। हम अपना उद्धार करनेके लिये तैयार नहीं हुए, इसीसे वे सब मिलकर भी हमारा उद्धार करनेमें समर्थ नहीं हुए। अगर हम अपना उद्धार करनेके लिये तैयार हो जायँ, सम्मुख हो जायँ तो मनुष्यजन्म-जैसी सामग्री और कलियुग-जैसा मौका प्राप्त करके हम कई बार अपना उद्धार कर सकते हैं! पर यह तब होगा, जब हम स्वयं अपना उद्धार करना चाहेंगे।

79. Despite God, saints, great souls, etc., we have not been liberated. In this, the fault did not lie with the material available for liberation. Nor have we been incapable of seeking our welfare. Rather, we have not made ourselves *ready* for our welfare—that is why, all of these means put together have not been able to secure our welfare. If we become *ready* to seek our welfare, and turn ourselves towards it, then, having received the rare gifts such as human birth and the opportunity such as *Kali-Yuga*, we would be able to get liberated several times over! But this will happen only when we ourselves would want to seek our welfare.

८०. आज दिनतक भगवान्के अनेक अवतार हो चुके हैं, कई तरहके सन्त-महात्मा, जीवन्मुक्त, भगवत्प्रेमी हो चुके हैं; परन्तु अभीतक हमारा उद्धार नहीं हुआ है। इससे भी सिद्ध होता है कि हमने स्वयं उनमें श्रद्धा नहीं की, हम स्वयं उनके सम्मुख नहीं हुए, हमने स्वयं उनकी बात नहीं मानी, इसलिये हमारा उद्धार नहीं हुआ।

80. To date, several incarnations of God have happened; and several types of saints, great souls, liberated-in-life, and devotees of God have graced the world. But so far we have not been liberated. This also proves that we have not placed our faith (*sraddha*) in them; we ourselves have not turned towards them; we ourselves have

not listened to them; that is why, we have not been liberated.

८१. गुरु, सन्त और भगवान् भी तभी उद्धार करते हैं, जब मनुष्य स्वयं उनपर श्रद्धा-विश्वास करता है, उनको स्वीकार करता है, उनके सम्मुख होता है, उनके शरण होता है, उनकी आज्ञाका पालन करता है। अगर मनुष्य उनको स्वीकार न करे तो वे कैसे उद्धार करेंगे? नहीं कर सकते।

81. Guru, saints, and God liberate only when a person has faith-trust in them, accepts them, turns towards them, and obeys their command. If a person does not accept them, how can they liberate him; verily, they cannot.

८२. वास्तविक दृष्टिसे देखें तो भगवान् भी विद्यमान हैं, गुरु भी विद्यमान हैं, तत्त्वज्ञान भी विद्यमान है और अपनेमें योग्यता, सामर्थ्य भी विद्यमान है। केवल नाशवान् सुखकी आसक्तिसे ही उनके प्रकट होनेमें बाधा लग रही है।

82. In the real sense, God is also present, the Guru is also present, and the *tattva-jnana* is also present. And the competence and capability (of the seeker) is also there. Only our attachment with the fleeting pleasures is the obstacle in their manifestation.

८३. जगत्, जीव और परमात्मा—तीनोंकी दृष्टिसे हम सब एक समान हैं। इस समताको गीताने 'योग' कहा है—'**समत्वं योग उच्यते**' (गीता २।४८)। भेद (विषमता) केवल व्यवहारके लिये है, जो अनिवार्य है; क्योंकि व्यवहारमें समता सम्भव ही नहीं है। अत: साधककी दृष्टि (भावना) सम होनी चाहिये। व्यवहारकी भिन्नता तो स्वाभाविक है, पर भावकी भिन्नता मनुष्यने अपने राग-द्वेषसे पैदा की है।

83. From the standpoint of world, *jiva*, and God, we all are at an equal footing. This equanimity (*samata*) has been called *Yog* by the Gita—*samatavam yog ucchyetey* (BG 2/48). The difference (*vishamataa*) is for practical purpose only, which is necessary. Because for practical purposes, *samata* is not possible. The difference in practical behavior is quite natural; however, the difference of the feeling has been created by man by his attachment and aversion (*rag-dawesh*).

८४. यदि विशेष विचारपूर्वक देखा जाय तो समता स्वत:सिद्ध है। यह प्रत्येक मनुष्यका अनुभव है कि अनुकूल परिस्थितिमें हम जो रहते हैं, प्रतिकूल परिस्थिति आनेपर भी हम वही रहते हैं। यदि हम वही (एक ही) न रहते, तो दो अलग-अलग (अनुकूल और प्रतिकूल) परिस्थितियोंका ज्ञान किसे होता? इससे सिद्ध हुआ कि परिवर्तन परिस्थितियोंमें होता है, अपने स्वरूपमें नहीं। भूल यह होती है कि हम परिस्थितियोंकी ओर तो देखते हैं, पर स्वरूपकी ओर नहीं देखते।

84. If one perceives it especially thoughtfully, then *samata* is self-evident. This is everyone's experience that we remain the same (person) during both the favorable and unfavorable circumstances. If we did not continue to be the same person, then who would have had the knowledge of two separate (favorable and unfavorable) set of circumstances? From this, it becomes evident that the change takes place in the circumstances and not in our *swarupa* (essential nature). The mistake lies

in the fact that we only look towards the circumstances but do not look towards our *swarupa*.

८५. समताका अर्थ यह नहीं है कि समान रीतिसे सबके साथ रोटी-बेटी (भोजन और विवाह)-का बर्ताव करें। व्यवहारमें समता तो महान् पतन करनेवाली चीज है। समान बर्ताव यमराजका, मौतका नाम है; क्योंकि उसके बर्तावमें विषमता नहीं होती। बर्तावमें पवित्रता रखनेसे अन्त:करण पवित्र, निर्मल होता है। परन्तु बर्तावमें अपवित्रता रखनेसे, खान-पान आदि एक करनेसे अन्त:करणमें अपवित्रता आती है, जिससे अशान्ति बढ़ती है। केवल बाहरका बर्ताव समान रखना शास्त्र और समाजकी मर्यादाके विरुद्ध है। इससे समाजमें संघर्ष पैदा होता है।

85. *Samata* does not mean that we should behave the same or "equally" towards everyone (in the matters of food and marriage, etc.). Practicing samata in practical matters is the harbinger of great downfall. Equal behavior is characteristic of the Lord of Death (*Yamaraj*) or death itself since in their behavior they treat everyone equally. By keeping the behavior pure, the *antahkaran*becomes pure and stainless. But to practice *samata* in practical behavior such as eating and drinking leads to impurity in the *antahkaran* and to more restlessness. To keep only the external behavior as equal for everyone is against the propriety (*maryada*) of the scriptures and the society. It produces struggle in the society.

८६. जाल दो प्रकारका है—संसारी और शास्त्रीय। संसारके मोहरूपी दलदलमें फँस जाना संसारी जालमें फँसना है और शास्त्रोंके, सम्प्रदायोंके द्वैत-अद्वैत आदि अनेक मत-मतान्तरोंमें उलझ जाना शास्त्रीय जालमें फँसना है। संसारी जाल तो उलझे हुए छटाँक सूतके समान है और शास्त्रीय जाल उलझे हुए सौ मन सूतके समान है।

86. There are two types of traps (*jaal*)—worldly and scriptural. To get struck in the quagmire of worldly attractions is to be entrapped in the worldly trap. And to get entangled in various points-viewpoints of scriptures and traditions of duality and non-duality is to be entrapped in the scriptural trap. The worldly trap is like an ounce of entangled yarn (*soot*) while the scriptural trap is like a ton of entangled yarn.

८७. साधकको न तो सांसारिक मोहकी मुख्यता रखनी है और न शास्त्रीय (दार्शनिक) मतभेदकी मुख्यता रखनी है अर्थात् किसी मत, सम्प्रदायका कोई आग्रह नहीं रखना है। ऐसा होनेपर वह योगका, मुक्तिका अथवा भक्तिका अधिकारी हो जाता है। इससे अधिक किसी अधिकार-विशेषकी जरूरत नहीं है।

87. The spiritual aspirant should neither have primacy of attachment with the worldnor with different opinions based on scriptures (religio-philosophical). That is, one should not insist on any viewpointor religio-philosophical system. By doing so, the spiritual aspirant becomes qualified to undertake the path of *Yog, mukti,* and *bhakti*. Beyond this, no special qualification is required.

८८. यहाँतक देखा जाता है कि साधक भी सम्प्रदाय-विशेष और सन्त-विशेषमें अनुकूल-प्रतिकूल

भावना करके राग-द्वेषके शिकार बन जाते हैं, जिससे वे संसार-समुद्रसे जल्दी पार नहीं हो पाते। तत्त्वको चाहनेवाले साधकके लिये साम्प्रदायिकताका पक्षपात बहुत बाधक है। सम्प्रदायका मोहपूर्वक आग्रह मनुष्यको बाँधता है।

88. It has been observed that even spiritual aspirants, by having special sentiments of being favorable or unfavorable towards a specific tradition or a saint, become victims of attachment and aversion (*rag-dvesh)* and are not able to cross the ocean of conditioned existence called *sansaar*. This bias towards a particular spiritual tradition acts as a great barrier for an aspirant who is a seeker of Reality (*tattva*). The attachment-led-insistence on a tradition binds a person.

८९. जो साधक तत्त्वप्राप्तिमें सुगमता ढूँढ़ता है और उसे शीघ्र प्राप्त करना चाहता है, वह वास्तवमें सुखका रागी है, न कि साधनका प्रेमी। जो सुगमतासे तत्त्वप्राप्ति चाहता है, उसे कठिनता सहनी पड़ती है और जो शीघ्रतासे तत्त्वप्राप्ति चाहता है, उसे विलम्ब सहना पड़ता है। कारण कि सुगमता और शीघ्रताकी इच्छा करनेसे साधककी दृष्टि 'साधन' पर न रहकर 'फल' पर चली जाती है, जिससे साधनमें उकताहट प्रतीत होती है और साध्यकी प्राप्तिमें विलम्ब भी होता है। जिसका यह दृढ़ निश्चय या उद्देश्य है कि चाहे जैसे भी हो, मुझे तत्त्वकी प्राप्ति होनी ही चाहिये, उसकी दृष्टि सुगमता और शीघ्रतापर नहीं जाती।

89. A seeker who looks for easiness in the realization of knowledge of Reality (*tattva-jnana*) and wants to attain it immediately, such a seeker is in fact seeker after pleasure and not lover of spiritual practice. He who wants to attain the knowledge of Reality easily has to endure difficulty and he who wants to attain the knowledge of Reality immediately has to endure delay. It is because of the desire for easiness and quickness, the seeker's attention, instead of being focused on spiritual "practice,"gets redirected towards the "results." As a result, one feels anxiety in one's heart regarding the spiritual practice; and this results in delay in the attainment of the knowledge of Reality. A person whose determination or objective, regardless of what happens, is to attain the knowledge of Reality, such a person does not pay any attention to easiness or quickness.

९०. साधककी साधनामें कोई बाधा डाल दे तो उसे उसपर क्रोध नहीं आता और न उसके मनमें उसके अहितकी भावना (हिंसा) ही पैदा होती है। यदि उसमें बाधा डालनेवालेके प्रति द्वेष होता है, तो जितने अंशमें द्वेष-वृत्ति रहती है, उतने अंशमें तत्परताकी कमी है, अपने साधनका आग्रह है।

90. If someone creates difficulty in the spiritual practice of a seeker, it does not lead to anger in his mind nor does it give birth to the feeling of causing harm or violence. If the seeker feels aversion towards the person causing difficulty, then, to the extent there is feeling of aversion, to that extent it is a sign of lack of steadfastness and *insistence* on one's spiritual practice.

९१. साधकमें एक तत्परता होती है और एक आग्रह होता है। तत्परता होनेसे साधनमें रुचि रहती

है और आग्रह होनेसे साधनमें राग रहता है। रुचि होनेसे अपने साधनमें कहाँ-कहाँ कमी है, उसका ज्ञान होता है और उसे दूर करनेकी शक्ति आती है तथा दूर करनेकी चेष्टा भी होती है। परन्तु राग होनेसे साधनमें विघ्न डालनेवालेके साथ द्वेष होनेकी सम्भावना रहती है। वास्तवमें देखा जाय तो साधनमें हमारी रुचि कम होनेसे ही दूसरा हमारे साधनमें बाधा डालता है।

91. In the seeker, there is something called "steadfastness" and something called "insistence." With steadfastness, there is interest in the spiritual practice and with insistence; there is attachment in the spiritual practice. With right interest in the spiritual practice, one is able to see shortfalls in one's practice and one receives the strength and motivation to correct them. But with attachment, there is the possibility of developing aversion towards someone who creates obstacles in one's spiritual practice. As a matter of fact, it is only when our interest in the spiritual practice diminishes that someone creates obstacles in our practice.

९२. साधकको भूतकालमें किये हुए कर्मोंकी याद आनेसे जो सुख-दु:ख होता है, चिन्ता होती है, यह भी वास्तवमें अहंकारके कारण ही है। वर्तमानमें अहंकारविमूढात्मा होकर अर्थात् अहंकारके साथ अपना सम्बन्ध मानकर ही साधक सुखी-दु:खी होता है। स्थूलदृष्टिसे देखें तो जैसे अभी भूतकालका अभाव है, ऐसे ही भूतकालमें किये गये कर्मोंका भी अभी प्रत्यक्ष अभाव है। सूक्ष्मदृष्टिसे देखें तो जैसे भूतकालमें वर्तमानका अभाव था, ऐसे ही भूतकालका भी अभाव था। इसी तरह वर्तमानमें जैसे भूतकालका अभाव है, ऐसे ही वर्तमानका भी अभाव है। परन्तु सत्ताका नित्य-निरन्तर भाव है। अत: साधककी दृष्टि सत्तामात्रकी तरफ रहनी चाहिये।

92. The spiritual aspirant feels happiness-sorrow when he remembers his actions performed in the past. He gets worried; in fact, this too is due to the ego-sense. The spiritual aspirant feels happy or sad, ridden by sense of ego and identified with ego. Viewed broadly, as there is absence of past in the present, even so there is the absence ofactions performed in the past. Viewed in a subtle manner, as there was absence of present in the past, even so there was absence of past. Likewise, as there is an absence of past in the present, even so there is absence of the present. However, the Reality is ever-existent. Therefore, the spiritual aspirant should focus exclusively on the existent Reality.

९३. जैसे भूतकाल और भविष्यकाल अभी नहीं हैं, ऐसे ही वर्तमानकाल भी नहीं है। भूतकाल और भविष्यकालकी सन्धिको ही वर्तमानकाल कह देते हैं। पाणिनि-व्याकरणका एक सूत्र है—'**वर्तमानसामीप्ये वर्तमानवद्वा**' (३। ३। १३१) अर्थात् वर्तमानसामीप्य भी वर्तमानकी तरह होता है। अगर वर्तमानकाल वास्तवमें होता तो वह कभी भूतकालमें परिणत नहीं होता। वास्तवमें काल वर्तमान नहीं है, प्रत्युत भगवान् ही वर्तमान हैं। तात्पर्य है कि जो प्रतिक्षण बदलता है, वह वर्तमान नहीं है, प्रत्युत जो कभी नहीं बदलता, वही वर्तमान है।

93. Like past and future are not existent right now, even so the present is also not existent. The connection point of the past and the future is called the present time. There is a verse in Painini grammar: Nearness to the present is like the present itself (3/3/131).

If the present ever existed in reality, then it would not have ever transformed itself into the past. In fact, the Time (*kaal*) is not existent in the present; only God is present. It means that which changes every moment, is not the present; rather, that which never changes, is verily the present.

९४. साधकको यह नहीं देखना चाहिये कि मैं साधन करूँगा तो इसका यह फल होगा। फलको देखना ही फलासक्ति है, जिससे वर्तमानमें साधन ठीक नहीं होता। अत: फलको न देखकर अपने साधनको देखना चाहिये, साधन तत्पर होकर करना चाहिये, फिर सिद्धि अपने-आप आयेगी। अगर साधक फलकी ओर देखता रहेगा तो सिद्धि नहीं होगी। हम निर्विकल्प, निष्काम हो जायँगे तो बड़ा सुख मिलेगा—इस प्रकार मूलमें सुख लेनेकी जो इच्छा रहती है, यह भी फलेच्छा है, जो साधकको निर्विकल्प, निष्काम नहीं होने देती।

94. The spiritual aspirant should not view it in the manner that if I practice, I will get this result. To think about the fruits (of practice) is attachment with the results, which affects adversely the practice in the future. Thus, one should not look at the fruit but rather look at the practice itself; and one should practice in a steadfast manner. Then the mastery (*siddhi)* will come on its own. If the spiritual aspirant remains focused on the results, then the mastery will elude him. When we will become volition-less and desireless, we will attain great peace—this type of desire to receive pleasures, is verily the desire to enjoy the fruit which does not let the spiritual aspirant become volition-less and desireless.

९५. जबतक साधकमें अहम् है, तबतक वह भोगी है। मैं योगी हूँ—यह योगका भोग है, मैं ज्ञानी हूँ—यह ज्ञानका भोग है, मैं प्रेमी हूँ—यह प्रेमका भोग है। जबतक साधकमें भोग रहता है, तबतक उसके पतनकी सम्भावना रहती है।

95. As long as there remains the ego in the seeker, till then he is the enjoyer of sense pleasures (*bhogi*). I am a *yogi*—this is the *bhog* of *yog*; I am a*jnani*—this is the *bhog* of *jnana*; I am *premi*, this is the *bhog* of *Prem*. As long as the spiritual aspirant has tendency to seek sense pleasures, till then there remains a possibility of his downfall.

९६. साधकके लिये ज्यादा जाननेकी जरूरत नहीं है। ज्यादा जाननेमें समय तो ज्यादा खर्च होगा, पर साधन कम होगा।

96. A spiritual aspirant does not need to know too much. In trying to know too much, the seeker will have to spend time; but he will have less time left for spiritual practice.

९७. साधकको चाहिये कि वह वस्तु, व्यक्ति और क्रियाके बिना अपनेको अकेला अनुभव करनेका स्वभाव बनाये, उस अनुभवको महत्त्व दे, उसमें अधिक-से-अधिक स्थित रहे।

97. The spiritual aspirant should try to develop the habit of experiencing the solitude free of object, person, and any activity. He should give importance to this experience (of solitude) and should abide in it more and more.

९८. खराब-से-खराब आचरण करनेवाला, पापी-से-पापी व्यक्ति भी आर्त होकर भगवान्‌को पुकारता है, रोता है, तो भगवान् उसको अपनी गोदमें ले लेते हैं, उससे प्यार करते हैं। इससे यह सिद्ध हुआ कि स्वयंके भगवान्‌की ओर लगनेपर जब इस जन्मके पाप भी बाधा नहीं दे सकते, तो फिर पुराने पाप बाधा कैसे दे सकते हैं? कारण कि पुराने पाप-कर्मोंका फल जन्म और भोगरूप प्रतिकूल परिस्थिति है, अतः वे भगवान्‌की ओर चलनेमें बाधा नहीं दे सकते।

98. Howsoever bad behavior a person might have had or howsoever sinful a person might have been, when he cries in repentance and calls God in that state, God takes him under his care (in his lap) and loves him. This proves that by turning toward God, when the sins of this lifetime do not create any obstacle, then how the sins from past lifetime could be an obstacle? The fruit of past bad actions presents itself in the form of present birth and unfavorable circumstances only; they (past bad actions) cannot create any obstacle on the way to God.

९९. 'दुर्गुण-दुराचार दूर नहीं हो रहे हैं, क्या करूँ!'—ऐसी चिन्ता होनेमें तो साधकका अभिमान ही कारण है और 'ये दूर होने चाहिये और जल्दी होने चाहिये'—इसमें भगवान्‌के विश्वासकी, भरोसेकी, आश्रयकी कमी है। दुर्गुण-दुराचार अच्छे नहीं लगते, सुहाते नहीं, इसमें दोष नहीं है। दोष है चिन्ता करनेमें। इसलिये साधकको कभी चिन्ता नहीं करनी चाहिये।

99. "I am not able to correct my bad qualities and behavior—what should I do?" Only the pride of the seeker is the cause for such a worry. "And that these (bad qualities and behavior) should be corrected and corrected soon"—this proves lack of faith, trust, and anchorage in God. There is nothing bad about not liking bad qualities and behavior. The fault lies in worrying about them. Thus, a spiritual aspirant should never worry.

१००. 'भगवान् ही मेरे हैं और मैं भगवान्‌का ही हूँ'—यही स्वयंका भगवान्‌में लगना है। स्वयं भगवान्‌में लगे बिना मन-बुद्धिको भगवान्‌में लगाना कठिन है। इसीलिये साधकोंकी यह व्यापक शिकायत रहती है कि मन-बुद्धि भगवान्‌में नहीं लगते। मन-बुद्धि एकाग्र होनेसे सिद्धि (समाधि आदि) तो हो सकती है, पर कल्याण स्वयंके भगवान्‌में लगनेसे ही होगा।

100. "Only God is mine and I am of God's only"—this is turning 'oneself' to God. Without turning "oneself" to God, it is very difficult to turn one's mind and intellect to God. Therefore, this is a pervasive complaint of spiritual aspirants that they are not able to focus their mind and intellect upon God. One can attain the perfection of deep meditative absorption (*samadhi*) etc.; but spiritual welfare will happen only when one turns one's self toward God.

१०१. साधकको आने-जानेवाली वृत्तियोंके साथ मिलकर अपने वास्तविक स्वरूपसे विचलित नहीं होना चाहिये। चाहे जैसी वृत्तियाँ आयें, उनसे राजी-नाराज नहीं होना चाहिये; उनके साथ अपनी एकता नहीं माननी चाहिये। सदा एकरस रहनेवाले, गुणोंसे सर्वथा निर्लिप्त, निर्विकार एवं अविनाशी अपने स्वरूपको न देखकर परिवर्तनशील, विकारी एवं विनाशी वृत्तियोंको देखना साधकके लिये महान् बाधक है।

101. The spiritual aspirant should not vacillate from his real nature by identifying himself with mental tendencies that are subject to change. Whatever tendencies appear, one should not become happy or sad on account of them; and one should not identify oneself with them. Not to see one's Real Nature (*apnaSwarupa*) that is ever-blissfully same, untouched by qualities, stainless, and eternal and to see mental tendencies that are changeable, flawed, and fleeting—this is a great barrier for the spiritual aspirant.

१०२. साधकमात्रके लिये यह आवश्यक है कि वह देहका धर्म अपनेमें न माने। वृत्तियाँ अन्त:करणमें हैं, अपनेमें नहीं हैं। अत: साधक वृत्तियोंको न अच्छा माने, न बुरा माने और न अपनेमें माने।

102. It is important for the spiritual aspirant that he should not consider the body-self as his real self. The mental tendencies belong to *antahkaran* (mind, intellect, memory, ego etc.) and not to our real self. Therefore, the seeker should not consider mental tendencies either good or bad nor should he consider them as belonging to his real self.

१०३. साधकको साधन-भजन करना तो बहुत आवश्यक है; क्योंकि इसके समान कोई उत्तम काम नहीं है; किन्तु 'परमात्मतत्त्वको साधन-भजनके द्वारा प्राप्त कर लेंगे'—ऐसा मानना ठीक नहीं; क्योंकि ऐसा माननेसे अभिमान बढ़ता है, जो परमात्मप्राप्तिमें बाधक है। परमात्मा कृपासे मिलते हैं। उनको किसी साधनसे खरीदा नहीं जा सकता।

103. It is very important for a spiritual aspirant to engage in spiritual practices of chanting etc.; for there is no finest activity like them. But to believe that "one can attain the Supreme Reality of Godhead through spiritual practices" is not right. Such a belief inflates the ego (of the seeker) which is an obstacle in the realization of God. God is realized through Grace; God cannot be *bought* by any spiritual practice.

१०४. भगवान्‌का स्वभाव है कि वे यह नहीं देखते कि साधक करता क्या है, प्रत्युत यह देखते हैं कि साधक चाहता क्या है।

104. It is God's kind nature that He does look at what the spiritual aspirant *does*; rather, He looks at what the aspirant really *wants*.

१०५. आज पारमार्थिक मार्गपर चलनेवाले जितने भी साधक हैं, उन साधकोंकी ऊँची स्थिति न होनेमें अथवा उनको परमात्मतत्त्वका अनुभव न होनेमें अगर कोई विघ्न-बाधा है, तो वह है—सुखकी इच्छा।

105. Today, the reason for the spiritual aspirants not attaining the higher state in experiencing the Supreme Godhead or facing obstacles in experiencing the Supreme Godhead, is just this—the craving for sense-pleasures.

१०६. साधनकी मुख्य बाधा है—संयोगजन्य सुखकी कामना। यह बाधा साधनमें बहुत दूरतक रहती

है। साधक जहाँ सुख लेता है, वहीं अटक जाता है। यहाँतक कि वह समाधिका भी सुख लेता है तो वहाँ अटक जाता है।

106. The main obstacle in the way of spiritual practice is the craving for sense pleasures. This obstacle stays on the path for a long haul. Wherever the seeker enjoys sense pleasures, he gets struck right there. Even so, if he enjoys the pleasure of deep meditative absorption (*samadhi*), he gets struck in that too.

१०७. दूसरोंके हितमें ही अपना हित है। दूसरोंके हितसे अपना हित अलग मानना ही गलती है। इसलिये लौकिक तथा शास्त्रीय जो कर्म किये जायँ, वे सब-के-सब लोक-हितार्थ होने चाहिये। अपने सुखके लिये किया गया कर्म तो बन्धनकारक है ही, अपने व्यक्तिगत हितके लिये किया गया कर्म भी बन्धनकारक है। केवल अपने हितकी तरफ दृष्टि रखनेसे व्यक्तित्व बना रहता है। इसलिये और तो क्या, जप, चिन्तन, ध्यान, समाधि भी केवल लोकहितके लिये ही करे।

107. Our welfare lies in the welfare of others. It is a mistake to assume our welfare to be separate from the welfare of others. Therefore, all worldly and prescribed actions should be performed for the welfare of the world. Any act done for one's own pleasure verily results in bondage; any act done for our own sake also creates bondage. To mind one's self-interest only reinforces the sense of individuality. Therefore, even chanting, contemplation, meditation, and *samadhi* should be performed for the welfare of the world (*lok-hitt*).

१०८. वास्तवमें मुक्तिके लिये अथवा परमात्मप्राप्तिके लिये साधन करना भी फलासक्ति है। मनुष्यकी आदत पड़ी हुई है कि वह प्रत्येक कार्य फलकी कामनासे करता है, इसीलिये कहा जाता है कि मुक्तिके लिये, परमात्मप्राप्तिके लिये साधन करे। वास्तवमें साधन केवल असाधनको मिटानेके लिये है। मुक्ति स्वत:सिद्ध है। परमात्मा नित्यप्राप्त हैं। परमात्मप्राप्ति किसी क्रियाका फल नहीं है। अत: कुछ करनेसे परमात्मप्राप्ति होगी—ऐसी इच्छा करना भी फलेच्छा है।

108. In fact, to engage in spiritual practices for the sake of liberation (*Mukti*) orto attain God is also attachment with the fruit (of actions). Man has developed a habit that he does everything with the motive of (getting) results (of actions). That is why it is said that one should do spiritual practice *in order to* attain *Mukti* or to attain God. In fact, the *sadhan* is undertaken to undo the *asadhan*. Spiritual Freedom (*Mukti*) is ever-attained. God is ever-attained. Attainment of God is not the result of any action. Thus, to think that God will be attained by doing something is verily the desire for the fruit of actions.

१०९. प्रत्येक कार्यमें समयका विभाग होता है; जैसे—यह समय सोनेका और यह समय जगनेका है, यह समय नित्यकर्मका है, यह समय जीविकाके लिये काम-धन्धा करनेका है, यह समय भोजनका है, आदि-आदि। परन्तु भगवान्‌के स्मरणमें समयका विभाग नहीं होना चाहिये। भगवान्‌को तो सब समयमें ही याद रखना चाहिये।

109. Every action has a time for it; there is a designated time to go to sleep and to

wake up; designated time to do daily functions; designated time go to work for earning a livelihood; designated time for meals, etc. etc. But there should not be such time division for remembering God. We should remember God all the time.

११०. साधकके लिये इस बातकी बड़ी आवश्यकता है कि वह ध्यानके समय तो भगवान्के चिन्तनमें तत्परतापूर्वक लगा रहे, व्यवहारके समय भी निर्लिप्त रहते हुए भगवान्का चिन्तन करता रहे; क्योंकि व्यवहारके समय भगवान्का चिन्तन न होनेसे संसारमें लिप्तता अधिक होती है। तात्पर्य है कि साधकका साधकपना हर समय जाग्रत् रहे। वह संसारमें तो भगवान्को मिलाये, पर भगवान्में संसारको न मिलाये अर्थात् सांसारिक कार्य करते समय भी भगवत्स्मरण करता रहे।

110. It is very important for the spiritual aspirant to keep steadfastly contemplating upon God during the time set for meditation. During the time for practical matters also, the seeker should keep remembering God while performing tasks in an unattached manner. It is because not remembering God during the time of practical matters leads to an increased attachment to the world. That is, the aspiration of the aspirant should be alertly alive all the time. He should include God in the world but should not mix the world in God. In other words, he should keep contemplating God while performing worldly actions.

१११. जो साधक होता है, वह घण्टे-दो-घण्टे नहीं, आठों पहर साधक होता है।

111. One who is seeker is not seeker just for an hour or two, but for twenty four hours.

११२. साधक प्राय: कहा करते हैं कि सत्संग-चर्चा सुनते समय तो इन दोषोंके त्यागकी बात अच्छी और सुगम लगती है; परन्तु व्यवहारमें आनेपर ऐसा होता नहीं। इनको छोड़ना तो चाहते हैं, पर ये छूटते नहीं। इन दोषोंके न छूटनेमें खास कारण है—सांसारिक सुख लेनेकी इच्छा। साधकसे भूल यह होती है कि वह सांसारिक सुख भी लेना चाहता है और साथमें दोषोंसे भी बचना चाहता है। जैसे लोभी व्यक्ति विषयुक्त लड्डुओंकी मिठासको भी लेना चाहे और साथ ही विषसे भी बचना चाहे!

112. The spiritual seekers often say that, during the Satsang, the matter of giving up these faults feels good and easy to do. But in practice, it is not easy to do. They want to give up faults, but are not able to. The main reason for not being able to give them up is the craving for worldly-pleasures. The spiritual aspirant's mistake lies in the fact that he wants worldly-pleasures while also trying to be free from the faults. It is like a person who loves sweets and wants to give them up, while at the same time wanting to enjoy their sweetness.

११३. किसी साधनकी सुगमता या कठिनता साधककी 'रुचि' और 'उद्देश्य' पर निर्भर करती है। रुचि और उद्देश्य एक भगवान्का होनेसे साधन सुगम होता है तथा रुचि संसारकी और उद्देश्य भगवान्का होनेसे साधन कठिन हो जाता है।

113. The ease or difficulty of any spiritual practice depends upon the "interest" and "aim" of the spiritual aspirant. The practice becomes easy when the interest and the aim

is one God only. The practice becomes really difficult when the *interest* lies in the world and the *aim* is to attain God.

११४. खाने-पीने, सोने-जागने आदिसे लेकर जप, ध्यान, समाधितक सम्पूर्ण लौकिक-पारमार्थिक क्रियाएँ प्रकृतिमें ही हो रही हैं। प्रकृतिका सम्बन्ध किये बिना क्रिया सम्भव ही नहीं है। अतः साधकको चाहिये कि वह पारमार्थिक क्रियाओंका त्याग तो न करे, पर उनमें अपना कर्तृत्व न माने अर्थात् उनको अपने द्वारा होनेवाली तथा अपने लिये न माने। क्रिया चाहे लौकिक हो, चाहे पारमार्थिक हो, उसका महत्त्व वास्तवमें जड़ताका ही महत्त्व है। शास्त्रविहित होनेके कारण पारमार्थिक क्रियाओंका अन्तःकरणमें जो विशेष महत्त्व रहता है, वह भी जड़ताका ही महत्त्व होनेसे साधकके लिये बाधक है।

114. All worldly-spiritual activities, from eating-drinking, sleeping-waking etc. to chanting, meditation, *samadhi*, are taking place in *Prakriti* itself. Without association with Prakriti, no activity is possible. Therefore, the spiritual aspirant should *not* give up spiritual activities but should not assume any sense of doership in them; that is, he should not consider them as performed by himself or for himself. Whether an activity is worldy or it is of spiritual nature, to give it any importance is to give importance to interness (*jardtaa*) only. Being prescribed by the scriptures, whatever special importance is assigned to spiritual activities in one's *antahkaran*, such importance is also the importance of grossness and hence acts as a barrier for the spiritual aspirants.

११५. जो चाहते हैं, वह न हो और जो नहीं चाहते, वह हो जाय—इसीको दुःख कहते हैं। यदि 'चाहते' और 'नहीं चाहते' को छोड़ दें, तो फिर दुःख है ही कहाँ!

115. What one wants, if that does not happen; and what one does not want, if that happens—this is called sorrow. Where is the sorrow, if one gives up this "wanting" and "not-wanting."

११६. दुःखको मिटानेके लिये सुखकी इच्छा करना दुःखकी जड़ है।

116. To desire pleasure in order to end sorrow is the root of all sorrow.

११७. यह सिद्धान्त है कि जो खुद दुःखी होता है, वही दूसरोंको दुःख देता है।

117. It is a law that one who is miserable himself gives misery to others.

११८. दूसरोंको दुःख देनेपर उनका (जिनको दुःख दिया गया है) तो वही नुकसान होता है, जो प्रारब्धसे होनेवाला है; परन्तु जो दुःख देते हैं, वे नया पाप करते हैं, जिसका फल नरक उन्हें भोगना ही पड़ता है।

118. When a person gives misery to others, they (on whom the misery has been inflicted) suffer only to the extent warranted by their destiny (*prarabdha*).[1] However, those

who inflict misery, they incur greater sin whose fruit they have to reap in hell.

११९. कर्म बाहरसे किये जाते हैं, इसलिये उन कर्मोंका फल भी बाहरकी परिस्थितिके रूपमें ही प्राप्त होता है। परन्तु उन परिस्थितियोंसे जो सुख-दुःख होते हैं, वे भीतर होते हैं। इसलिये उन परिस्थितियोंमें सुखी तथा दुःखी होना शुभाशुभ कर्मोंका अर्थात् प्रारब्धका फल नहीं है, प्रत्युत अपनी मूर्खताका फल है।

119. Actions are performed externally; that is why, we reap their fruit also in the form of external circumstances. But we experience internally the happiness and sorrow brought about by those circumstances. Therefore, feeling happiness and sorrow in those circumstances is the result of our own folly and not due to our *prarabhda*.

१२०. सेवा तो हमें सभीकी करनी है; परन्तु जिनकी हमारेपर जिम्मेवारी है, उन सम्बन्धियोंकी सेवा सबसे पहले करनी चाहिये।

120. We have to serve everyone; however,those relatives whose responsibility rests on us, we have to serve them first of all.

१२१. संसारमें माने हुए जितने भी सम्बन्ध हैं, सब केवल एक-दूसरेका हित या सेवा करनेके लिये ही हैं, अपने लिये नहीं।

121. All the assumed relationships in the world are meant only to help each other or to serve each other. They are not meant for our own sake.

१२२. 'देने' के भावसे समाजमें एकता, प्रेम उत्पन्न होता है और 'लेने' के भावसे संघर्ष उत्पन्न होता है। 'देने' का भाव उद्धार करनेवाला और 'लेने' का भाव पतन करनेवाला होता है।

122. The feeling of "giving" leads to unity and love in the society; the feeling of "taking" leads to struggle. The sentiment of "giving" bestows spiritual welfare; the sentiment of "taking" augurs downfall.

१२३. सेवा करनेके लिये तो सब अपने हैं, पर लेनेके लिये कोई अपना नहीं है। संसारकी तो बात ही क्या है, भगवान् भी लेनेके लिये अपने नहीं हैं अर्थात् भगवान्से भी कुछ नहीं लेना है, प्रत्युत अपने-आपको ही भगवान्के समर्पित करना है। कारण कि जो वस्तु हमें चाहिये और हमारे हितकी है, वह भगवान्ने हमें पहलेसे ही बिना माँगे दे रखी है; और ज्यादा दे रखी है, कम नहीं।

123. From the standpoint of providing service, everyone is our own; but from the standpoint of receiving (service), no one is our own. To say nothing of the world, even God is not our own from the standpoint of getting anything from God. In others words, we are not to get anything from God; rather, we have to surrender ourselves to God. The reason is this: What we really need and what is beneficial to us, God has already granted us that, *unasked*, in great abundance.

१२४. वर्तमान समयमें घरोंमें, समाजमें जो अशान्ति, कलह, संघर्ष देखनेमें आ रहा है, उसमें मूल

कारण यही है कि लोग अपने अधिकारकी माँग तो करते हैं, पर अपने कर्तव्यका पालन नहीं करते।

124. People demand their rights and do not fulfill their duties—this is the root cause of present day restlessness, rift, and struggle.

१२५. सांसारिक पदार्थोंको संसारकी सेवामें लगाकर कोई दान-पुण्य नहीं करना है, प्रत्युत उन पदार्थोंसे अपना पिण्ड छुड़ाना है।

125. Employing worldly objects in the service of the world[1] is not any matter of pious charity. Rather it is a way to be free from the servitude of those objects.

१२६. सेवा वही कर सकता है, जो अपने लिये कभी कुछ नहीं चाहता। सेवा करनेके लिये धनादि पदार्थोंकी चाह तो कामना है ही, सेवा करनेकी चाह भी कामना ही है; क्योंकि सेवाकी चाह होनेसे ही धनादि पदार्थोंकी कामना होती है। इसलिये अवसर प्राप्त हो और योग्यता हो तो सेवा कर देनी चाहिये, पर सेवाकी कामना नहीं करनी चाहिये।

126. Only those can truly serve who do not want anything for themselves. The desire for wealth etc. in order to serve, is verily a (disguised) craving (*kaamna*); even the desire to serve is also a form of craving since it leads to the craving for objects such as wealth etc. Therefore, when one gets an opportunity, and has the competence, one should surely serve; but one should not *crave* for it.

१२७. सच्चे हृदयसे दूसरोंकी सेवा करनेसे, जिसकी वह सेवा करता है, उस (सेव्य)-के हृदयमें भी सेवाभाव जाग्रत् होता है—यह नियम है। यदि सेव्यके हृदयमें सेवाभाव जाग्रत् न हो, तो साधकको समझ लेना चाहिये कि सेवा करनेमें कोई त्रुटि (अपने लिये कुछ पाने या लेनेकी इच्छा) है।

127. This is a Cosmic Law that when we serve out of pure heart (love), we arouse a desire to serve even in the hearts of those whom we serve. If the desire to serve does not arise in the heart of the one who is served, then the spiritual aspirant should understand that there has been something lacking in the service itself. [It means that we have entertained the desire to get or achieve something through service.]

१२८. सेवा करनेकी अपेक्षा भी किसीको दु:ख न देना श्रेष्ठ है। किसीको दु:ख न देनेसे, किसीका भी अहित न करनेसे सेवा अपने-आप होने लगती है, करनी नहीं पड़ती। अपने-आप होनेवाली क्रियाका अभिमान नहीं होता और उसके फलकी इच्छा भी नहीं होती। अभिमान और फलेच्छाका त्याग होनेपर हमें वह वस्तु मिल जाती है, जो वास्तवमें हमारी है।

128. Not causing any misery/pain to anyone is better than serving. Service starts *happening* on its own spontaneously when we cease to cause any pain to anyone; when we cease to cause any harm to anyone. One does not take any pride in an activity that happens on its own and one does not have any desire to reap its fruit either. By abandoning the pride (of doership) and the desire to reap fruit, we receive

that which is truly ours.

१२९. यदि भीतरसे बुरा भाव दूर न हुआ हो और बाहरसे भलाई करें तो इससे अभिमान पैदा होगा, जो आसुरी सम्पत्तिका मूल है। भलाई करनेका अभिमान तभी पैदा होता है, जब भीतर कुछ-न-कुछ बुराई हो।

129. If the bad feeling from the inside has not been removed, and one does good from the outside, this will give birth to pride which is the root cause of all demonic qualities. Pride in doing good arises only when there is some form of evil present inside.

१३०. एक-दूसरेकी सहायतासे ही सबका जीवन चलता है। धनी-से-धनी व्यक्तिका जीवन भी दूसरेकी सहायताके बिना नहीं चल सकता। हमने किसीसे लिया है तो किसीको देना, किसीकी सहायता करना, सेवा करना हमारा भी परम कर्तव्य है। इसीका नाम कर्मयोग है।

130. Everyone's existence becomes possible through mutual help. The life of even the wealthiest person is not possible without the help of others. If we have received fromsomeone, it also becomes our supreme duty to give back, to help, and to serve. This is called *Karma-Yog*, the path of selfless service.

१३१. केवल दूसरेके लिये वस्तुओंको देना और शरीरसे सेवा कर देना ही सेवा नहीं है, प्रत्युत अपने लिये कुछ भी न चाहकर दूसरेका हित कैसे हो, उसको सुख कैसे मिले—इस भावसे कर्म करना ही सेवा है। अपनेको सेवक कहलानेका भाव भी मनमें नहीं रहना चाहिये।

131. To give objects away for others and to serve with our body is not the only way to do service. But performing actions with the purpose of doing good to others, to provide them happiness—without expecting anything for our own sake—is true service. One should not even have the thought of being called a servant.

१३२. मनुष्य, पशु, वृक्ष, मकान आदि तो अलग-अलग हुए, पर इन सबमें 'है' एक ही रहा। इसी तरह 'मैं मनुष्य हूँ, मैं पशु हूँ, मैं देवता हूँ' आदिमें शरीर तो अलग-अलग हुए, पर 'हूँ' अथवा 'है' एक ही रहा।

132. Man, animals, trees, houses etc. are separate, but their "is-ness" (*hey*) remains as the same one only. Similarly, in expressions 'I am man; I am animal; I am an angel' etc., the bodies are different but "am-ness" or "is-ness" remains the same one only.

१३३. परमात्मतत्त्व 'है'-रूप और संसार 'नहीं'-रूप है। एक मार्मिक बात है कि 'है' को देखनेसे शुद्ध 'है' नहीं दीखता, पर 'नहीं' को 'नहीं'-रूप देखनेपर शुद्ध 'है' दीखता है। कारण कि 'है' को देखनेमें मन-बुद्धि लगायेंगे, वृत्ति लगायेंगे तो 'है' के साथ वृत्ति-रूप 'नहीं' भी मिला रहेगा। परन्तु 'नहीं' को 'नहीं'-रूप देखनेपर वृत्ति भी 'नहीं' में चली जायगी और शुद्ध 'है' शेष रह जायगा।

133. The God-Reality (*Paramatam-tattva*) is of the nature of "is-ness" or "being" and

the world is of the nature of "non-being."[1] It is a matter of deep significance that when we look at "being," we do not perceive its pure "being;" but when we look at "non-being" as "non-being," we perceive "being" or "is-ness" in its pure form. It is because to see "being," we will have to employ mind-intellect (or their modifications)—[all of which are a part of the "non-being]." So, along with "being," mental-modifications of "non-being" type will also remain included. However, by perceiving "non-being" as "non-being*ness*," the mental modifications will get subsumed in "non-being" and only the pure "being" will remain.

१३४. भोगोंमें 'हूँ' खिंचता है, 'है' नहीं खिंचता। 'हूँ' ही कर्ता-भोक्ता बनता है, 'है' कर्ता-भोक्ता नहीं बनता। अत: साधक 'हूँ' को न मानकर 'है' को ही माने अर्थात् अनुभव करे।

134. In the enjoyment of sense-pleasures, only the "am-ness" (*hun*) and not the "is-ness" gets drawn-in. Only the "am-ness" becomes the doer and enjoyer of actions; the "is-ness" or "being" never becomes the doer or enjoyer. Thus, the spiritual aspirant should disregard the "am-ness" and should try to experience the "is-ness" or "being."

१३५. सूर्य भगवान् विहित या निषिद्ध किसी भी क्रियाके प्रेरक नहीं होते। उनसे सबको प्रकाश मिलता है, पर उस प्रकाशका कोई सदुपयोग करे या दुरुपयोग, इसमें सूर्य भगवान्की कोई प्रेरणा नहीं है। यदि उनकी प्रेरणा होती तो पाप या पुण्य-कर्मोंका भागी भी उन्हींको होना पड़ता। ऐसे ही चेतन तत्त्वसे प्रकृतिको सत्ता और शक्ति तो प्राप्त होती है, पर वह किसी क्रियाका प्रेरक नहीं होता।

135. The Sun-god does not prompt either the prescribed or the non-prescribed actions. It provides light to all. But whether someone puts the sunlight to proper use or misuses it, the Sun-god has no contribution in this. If it had anything to do with the Sun, then the Sun would have been responsible for the good or the bad deeds. Likewise, the Conscious-Principle (*chetan-tattav*) provides sustenance and strength to *Prakriti*, but it does not become the initiator of any activity.

१३६. साधकको विचार करना चाहिये कि मेरी दृष्टि अपने भावोंपर रहती है या दूसरेके आचरणोंपर? दूसरोंके आचरणोंपर दृष्टि रहनेसे जिस दृष्टिसे अपना कल्याण होता है, वह दृष्टि बन्द हो जाती है और अँधेरा हो जाता है। इसलिये दूसरोंके श्रेष्ठ और निकृष्ट आचरणोंपर दृष्टि न रहकर उनका जो वास्तविक स्वरूप है, उसपर दृष्टि रहनी चाहिये।

136. The spiritual aspirant should ponder over whether his attention remains focused on his own motives or on the conduct of others. By focusing on others, the vision that bestows spiritual welfare gets shut and becomes dark. Therefore, one should look at the real nature (*vaastvik-Swarupa*) of others and not at their good or bad conduct.

१३७. दूसरेमें कमी न देखकर अपनेमें ही कमी देखे और उसको दूर करनेकी चेष्टा करे, अपनेको ही उपदेश दे। आप ही अपना गुरु बने, आप ही अपना नेता बने और आप ही अपना शासक बने।

137. We should not notice the fault of others; rather, we should look at our own faults and try to correct them. We should preach to our own self. We should become our own spiritual preceptor (*guru*), our own leader, and our own ruler.

१३८. शरीरसे होनेवाले पुरुषार्थमें तो 'क्रिया' मुख्य है, जो केवल संसारके लिये ही होती है; क्योंकि शरीर संसारका अंश है। परन्तु स्वयंसे होनेवाले पुरुषार्थमें 'भाव' मुख्य है। इसलिये बुराई-रहित होना, असंग होना, भगवान्‌को अपना मानना—ये स्वयंके पुरुषार्थ हैं। मैं बुराईरहित हो जाऊँ, मैं असंग हो जाऊँ, मैं भगवत्प्रेमी हो जाऊँ—ऐसी आवश्यकताका अनुभव करना भी पुरुषार्थ है।

138. In all pursuits undertaken by the body, "activity" is predominant. The activity is performed for the sake of the world because the body is a part of the world. But in the pursuits initiated by the Self, "feeling" is predominant. That is why, to be free from wickedness, to be free from attachment, to accept God as our very own—these are the pursuits of the Self. May I be free from evil, may I become unattached, may I become a devotee of God—to experience such a need is also the pursuit (of the self).

१३९. सम्पूर्ण शास्त्र, सम्प्रदाय आदिमें जीव, संसार और परमात्मा—इन तीनोंका ही अलग-अलग रूपोंसे वर्णन किया गया है। इसमें विचारपूर्वक देखा जाय तो जीवका स्वरूप चाहे जैसा हो, पर जीव मैं हूँ—इसमें सब एकमत हैं; और संसारका स्वरूप चाहे जैसा हो, पर संसारको छोड़ना है—इसमें सब एकमत हैं; और परमात्माका स्वरूप चाहे जैसा हो, पर उसको प्राप्त करना है—इसमें सब एकमत हैं।

139. All scriptures, spiritual traditions etc. discuss various forms of *jiva*, world, and God. If one looks at them insightfully, one realizes that whatever may be the nature of *jiva* [as described in them], but in considering that 'I am the jiva,' they all are of one opinion; whatsoever may be the nature of the world [according to them], but in stating that 'the world needs to be renounced,' they all are of one opinion; and whatever may be the nature of God [described in them], but in asserting that 'God is to attained,' they all are of one opinion.

१४०. वास्तविक दृष्टिसे देखा जाय तो शत्रुके द्वारा हमारा भला ही होता है। वह हमारा बुरा कर ही नहीं सकता। कारण कि वह वस्तुओंतक ही पहुँचता है, स्वयंतक पहुँचता ही नहीं। अतः नाशवान्‌के नाशके सिवाय और वह कर ही क्या सकता है? नाशवान्‌के नाशसे हमारा भला ही होगा। वास्तवमें हमारा नुकसान हमारा भाव बिगड़नेसे ही होता है।

140. Really speaking, our enemy does good to us always. He cannot do any harm to us at all. It is because the enemy's reach is only up to the world of objects and not up to the realm of our own self at all. Thus, what more harm can he do other than destroying the destroyable? Only our good lies in the destruction of the destroyable. Actually, our harm occurs when we give in, from the standpoint of the feelings.

१४१. साधक अगर जगत्‌को जगत्‌रूपसे देखे तो उसकी 'सेवा' करे और भगवद्‌रूपसे देखे तो उसका 'पूजन' करे। अपने लिये कुछ न करे। मात्र कर्म अपने लिये करना बन्धन है, संसारके लिये करना सेवा है और भगवान्‌के लिये करना पूजन है।

141. If the spiritual aspirant approaches the world in the worldly form, he should "serve" it; if he approaches it in the godly form, he should "worship" it. He should not do anything for his own self. To perform actions only for one's own sake is bondage; to perform them for the sake of the world is service; and to perform them for God's sake is worship.

१४२. किसीका पूजन करना, किसीको अन्न-जल देना, किसीको मार्ग बताना आदि जितने भी शुभ कर्म हैं, उन सबका भोक्ता भगवान्‌को ही मानना चाहिये। लक्ष्य भगवान्‌पर ही रहना चाहिये, प्राणीपर नहीं।

142. To worship someone, to feed someone, to show the path to someone—one should consider God as the recipient of all such pious acts. The God and not the person should remain the object [of all our pious actions].

१४३. वास्तवमें संसारकी सत्ता बन्धनकारक नहीं है, प्रत्युत उससे रागपूर्वक माना हुआ सम्बन्ध ही बन्धनकारक है। सत्ता बाधक नहीं है, राग बाधक है। इसलिये अन्य दर्शनिक तो संसारको असत्, सत् आदि अनेक प्रकारसे कहते हैं, पर भगवान् संसारसे सम्बन्ध-विच्छेद करनेकी बात कहते हैं। सम्बन्ध-विच्छेद करनेसे संसारका संसाररूपसे अभाव हो जाता है और वह भगवद्‌रूपसे दीखने लगता है—'**वासुदेवः सर्वम्**'।

143. In fact, it is not the reality of the world that causes the bondage; but it is the accepted *relationship of attachment* with the world that causes bondage. The reality itself is not the bondage; the attachment (*raag*) is the bondage. Therefore, whereas other philosophers describe the world as real or non-real etc., the Lord (in the *Bhagavad Gita*) recommends severing the "relationship" (*sambandha-viccheda*) with the world. By severing our relationship with the world, the world ceases to exist *as a world* and is seen in its godly form—'**Vasudevah Sarvam**!'

१४४. जैसे स्त्री वास्तवमें जनन-शक्ति है; परन्तु स्त्रीमें आसक्त पुरुष स्त्रीको मातृरूपसे नहीं देख सकता, ऐसे ही संसार वास्तवमें भगवत्स्वरूप है; परन्तु संसारको अपना भोग्य माननेवाला भोगासक्त पुरुष संसारको भगवत्स्वरूप नहीं देख सकता। यह भोगासक्ति ही जगत्‌को धारण कराती है अर्थात् जगत्‌को धारण करानेमें हेतु है।

144. Although woman in reality is a representation of the birth-principle, yet a person who is attached to the woman fails to see her in the motherly form. In the same manner, although the world is of the godly nature (*Bhagavad-rup*), yet the person struck in sense-gratification is not able to see the world in its godly form. This attachment to sense-gratification alone is responsible for accepting the appearance of the world.

१४५. जड़-चेतन, स्थावर-जंगमरूपसे जो कुछ देखने, सुनने, सोचनेमें आ रहा है, वह सब अविनाशी भगवान् ही हैं। इसका अनुभव करनेके लिये साधकको दृढ़तासे यह मान लेना चाहिये कि मेरी समझमें आये या न आये, अनुभवमें आये या न आये, स्वीकार हो या न हो, पर बात यही सच्ची है। उसको वृक्ष, नदी, पहाड़, पत्थर, दीवार आदि जो कुछ भी दीखे, उसमें अपने इष्ट भगवान्‌को देखकर वह प्रार्थना करे कि 'हे नाथ! मुझे अपना प्रेम प्रदान करो, हे प्रभो! आपको मेरा नमस्कार हो।' ऐसा करनेसे उसको सब जगह भगवान् दीखने लग जायँगे; क्योंकि वास्तवमें सब कुछ भगवान् ही हैं।

145. Everything that is being seen, heard, and thought in the gross-subtle, immovable-movable world is verily the eternal God. In order to experience this Truth, the spiritual aspirant should "accept" this as "fact" with determination, whether it is understood or not, experienced or not, acceptable or not. He should see his *Ishta-Bhagavan* in whatever is seen—tree, river, mountain, stone, wall, etc.—and pray like this: "O Lord! Grant me your love; O God! I offer my obeisance to Thee." By doing so, he will start seeing God everywhere; because, in reality, everything is verily God.

१४६. सबकुछ परमात्मा ही हैं—यह खुले नेत्रोंका ध्यान है। इसमें न आँख बन्द करने (ध्यान)-की जरूरत है, न कान बन्द करने (नादानुसन्धान)-की जरूरत है, न नाक बन्द करने (प्राणायाम)-की जरूरत है।

146. God is all there is—this is meditation with open eyes. In this, one does not need to close one's eyes (as in *dhyana*); or to close one's ears (as in *naadanusandhaa*); or to close one's nose (as in *pranayama*).

१४७. मूल दोष है—शरीर तथा संसारकी सत्ता और महत्ता स्वीकार करके उससे सम्बन्ध जोड़ना। मूल गुण है—भगवान्‌की सत्ता और महत्ता स्वीकार करके उनसे सम्बन्ध जोड़ना। यह मूल दोष और मूल गुण ही स्थानभेदसे अनेक रूपोंमें दीखता है।

147. The main fault is—to accept the reality and the importance of the world and to establish relationship with them. The main quality is—to accept the reality and importance of God and to establish relationship with IT. The main fault and main quality appear in various forms due to the difference in configuration (*sthaan-bheda*).

१४८. शरीरसे माने हुए सम्बन्धका त्याग करनेके लिये साधकको तीन बातें मान लेनी चाहिये—१. शरीर मेरा नहीं है; क्योंकि इसपर मेरा वश नहीं चलता, २. मेरेको कुछ नहीं चाहिये और ३. मेरेको अपने लिये कुछ नहीं करना है। जबतक साधक स्थूल, सूक्ष्म और कारण—तीनों शरीरोंसे अपना सम्बन्ध मानता रहता है, तबतक स्थूलशरीरसे होनेवाला 'कर्म', सूक्ष्मशरीरसे होनेवाला 'चिन्तन' और कारणशरीरसे होनेवाली 'स्थिरता' (निर्विकल्प अवस्था)—तीनों ही उसको बाँधनेवाले होते हैं।

148. The spiritual aspirant should accept the following three things to relinquish assumed relationship with the world: 1. The body is not mine, since I have no control over it; 2. I do not need anything; and 3. I do not need to do anything for myself. As

long as the spiritual aspirant remains identified with the three bodies—the gross, subtle, and causal body—till then, "actions" performed by the gross body; "contemplation" performed by the subtle body; and "steadiness" performed by the causal body—all three (type of actions) are of binding nature.

१४९. भगवान्‌के नित्य-सम्बन्धकी जागृतिके लिये साधकको तीन बातें मान लेनी चाहिये—१. प्रभु मेरे हैं, २. मैं प्रभुका हूँ और ३. सब कुछ प्रभुका है। भगवान्‌से नित्य-सम्बन्धकी जागृति होनेपर साधकको भगवत्प्रेमकी प्राप्ति हो जाती है। भगवत्प्रेमकी प्राप्तिमें ही मनुष्य-जीवनकी पूर्णता है।

149. In order to awaken the ever-existent association with God, the spiritual aspirant should accept three things: 1. God is mine; 2. I am God's; and 3. Everything is God's. With the awakening of ever-existent association with God, the spiritual aspirant attains God's Love. And in the attainment of God's Love lies the fulfillment of human life.

१५०. हम यहाँके, जन्म-मृत्युवाले संसारके नहीं हैं। यह हमारा देश नहीं है। हम इस देशके नहीं हैं। यहाँकी वस्तुएँ हमारी नहीं हैं। हम इन वस्तुओंके नहीं हैं। हमारे ये कुटुम्बी नहीं हैं। हम इन कुटुम्बियोंके नहीं हैं। हम तो केवल भगवान्‌के हैं और भगवान् ही हमारे हैं।

150. We are not of this birth-and-death-prone-world. This is not our country. We are not of this country's. Its objects are not ours. We are not of its objects'. These are not our relatives. We are not of these relatives'. We are only of God's. And only God is ours.

अपने मनमें किसी विषयको जाननेकी पूर्ण अभिलाषा और उत्कण्ठाके अभावमें तथा अपना प्रश्न न होनेके कारण सत्संगमें सुनी हुई और शास्त्रोंमें पढ़ी हुई साधन-सम्बन्धी मार्मिक और महत्त्वपूर्ण बातें प्रायः साधकोंके लक्ष्यमें नहीं आतीं। अतः साधकोंको चाहिये कि वे जो पढ़ें और सुनें, उसको अपने लिये ही मानकर जीवनमें उतारनेकी चेष्टा करें।

—परमश्रद्धेय स्वामीजी श्रीरामसुखदासजी महाराज

Due to the lack of perfect yearning and intensity to know a subject as well as due to not having one's own question (s), usually, a spiritual aspirant is not able to fully benefit from the deeply significant matters heard during the *Satsang* and read in the scriptures. Therefore, the spiritual aspirant should try to enshrine in his life—whatever is read and heard—considering these matters as meant verily for his own sake.

—Paramshrdheyey Swamiji Shri Ramsukhdasji Maharaj

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

परमश्रद्धेय स्वामीजी श्रीरामसुखदासजी महाराजके मुख्य सिद्धान्त

१. मनुष्यमात्रको परमात्मप्राप्तिका जन्मसिद्ध अधिकार है।

२. मनुष्य जिस वर्ण, आश्रम, धर्म, सम्प्रदाय, वेश-भूषा आदिमें है, वहीं रहते हुए वह परमात्माको प्राप्त कर सकता है।

३. मनुष्य प्रत्येक परिस्थितिमें परमात्माको प्राप्त कर सकता है। इसके लिये उसे परिस्थिति बदलनेकी आवश्यकता नहीं है।

४. परमात्माकी प्राप्ति सांसारिक वस्तुओंकी प्राप्तिकी तरह नहीं है। सांसारिक वस्तुओंकी प्राप्ति तो कर्म करनेसे होती है, पर परमात्माकी प्राप्ति अपने लिये कुछ न करनेसे होती है। परमात्मप्राप्तिमें भाव तथा विवेक मुख्य है, क्रिया नहीं।

५. परमात्माकी प्राप्ति जड़ता (शरीर-इन्द्रियाँ-मन-बुद्धि)-के द्वारा नहीं होती, प्रत्युत जड़ताके त्यागसे होती है।

II Om Shri Paramatamney Namah II

MAIN PRINCIPLES

of Swamiji Shri Ramsukhdasji Maharaj

1. Human beings alone have the birth right to attain God.

2. Human beings can attain God regardless of their color, caste, creed, religion, origin, tradition, appearance etc.

3. Human beings can attain God under all circumstances. For this, they do not have to change the circumstances.

4. Attainment of God is unlike the attainment of worldly objects. Worldy objects are attained by performing actions. However, God is attained by not doing anything for one's own sake. In the attainment of God, feeling *(bhaav)* and discriminative judgment (*vivek*) are the most important and not any activity.

5. God is not attained through gross-elements (body-senses-mind-intellect). Rather, God is attained by renouncing our relation with grossness (*jadta*).

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

परमश्रद्धेय स्वामीजी श्रीरामसुखदासजी महाराजकी वाणीपर आधारित

'गीता प्रकाशन' का शीघ्र कल्याणकारी साहित्य

१. **संजीवनी-सुधा**—'गीता साधक-संजीवनी' पर आधारित शोधपूर्ण पुस्तक।
२. **सीमाके भीतर असीम प्रकाश**—मार्मिक प्रवचनोंका सार-संग्रह।
३. **बिन्दुमें सिन्धु**—मार्मिक प्रवचनोंका सार-संग्रह।
४. **नये रास्ते, नयी दिशाएँ**—मार्मिक प्रवचनोंका सार-संग्रह।
५. **अनन्तकी ओर**—मार्मिक प्रवचनोंका सार-संग्रह।
६. **स्वातिकी बूँदें**—मार्मिक प्रवचनोंका सार-संग्रह।
७. **अनुभव-वाणी**—चुने हुए अनमोल वचन। अँग्रेजी-भाषान्तरसहित।
८. **सहज गीता** (अँग्रेजीमें भी)—नये पाठकोंके लिये 'साधक-संजीवनी' के अनुसार गीताका सरल हिन्दीमें भावार्थ।
९. **हे नाथ! मैं आपको भूलूँ नहीं** (गुजराती व अँग्रेजीमें भी)—इस प्रार्थनाके रहस्य तथा महत्त्वका अद्‌भुत वर्णन।
१०. **कृपामयी भगवद्‌गीता** (गुजरातीमें भी)—गीताकी महिमा और उसकी विलक्षणताका वर्णन।
११. **लक्ष्य अब दूर नहीं** (गुजरातीमें भी)—परमात्मप्राप्तिके विविध सुगम साधनोंका अनूठा संकलन।
१२. **सहज समाधि भली** (गुजरातीमें भी)—'चुप साधन' का विस्तृत विवेचन।
१३. **अपने प्रभुको पहचानें**—भगवान्‌के समग्ररूपका विस्तृत विवेचन।
१४. **एक सन्तकी अमूल्य शिक्षा** (क्या करें, क्या न करें)
१५. **विलक्षण सन्त, विलक्षण वाणी**—प० श्रीस्वामीजी महाराजकी वसीयत-सहित।
१६. **गोरक्षा—हमारा परम कर्तव्य**
१७. **क्या करें, क्या न करें ?**—आचार-व्यवहार संबंधी शास्त्र-वचनोंका अनूठा संग्रह।
१८. **भवन-भास्कर** (परिशिष्ट-सहित)—वास्तुशास्त्रकी महत्त्वपूर्ण बातें।
१९. **सुखपूर्वक जीनेकी कला**—सर्वोपयोगी प्रश्नोत्तर।
२०. **क्या आप ईश्वरको मानते हैं ?**—साधकोंके लिये चेतावनी।
२१. **बोलनेवाली श्रीमद्भगवद्गीता** (अर्थसहित)—इसे पढ़नेके साथ-साथ शुद्ध उच्चारणमें सुन भी सकते हैं।
२२. **ग्लोब गीता**—आकर्षक ग्लोबके आकारमें सम्पूर्ण गीता।

गीता प्रकाशन,
कार्यालय—माया बाजार, पश्चिमी फाटक,
गोरखपुर—273001 (उ०प्र०)
फोन—09389593845; 07668312429
e-mail: radhagovind10@gmail.com